दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



दिवाली से एक हफ्ते पहले आ सकती है रामायणम



कान के अनुभव को बताया गर्व का पल

वर्ष : 12 | अंक : 153 | लखनऊ, 26 मई, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करे, भाषा कौशल भी सीखें

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को लिखा पत्र शेयर किया गर्मी की छुट्टी मनाने का आइडिया, माता-पिता को भी संदेश

प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों और उनके अभिभावकों के नाम पाती (पत्र) लिखा है। पाती के माध्यम से सीएम योगी ने अभिभावकों से अपील की है कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-ददिहाल अवश्य ले जाएं और प्रकृति से जोड़ने का भी प्रयास करें।

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,

उत्तर प्रदेश के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो गई हैं। बच्चों से बेहद लगाव रखने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूलों में गर्मी की छुट्टी के मौके पर राज्य के बच्चों के नाम चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में मां-बाप से भी ऐसी अपील की गई है जिससे बच्चे खुश हो जाएंगे। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों और उनके अभिभावकों के नाम पाती (पत्र) लिखा है। पाती के माध्यम से सीएम योगी ने अभिभावकों से अपील की है कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-



ददिहाल अवश्य ले जाएं और प्रकृति से जोड़ने का भी प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए लिखा कि गर्मी की छुट्टियां आप सभी के लिए आनंद, उत्साह और नए शोध का समय लेकर आती हैं। स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से थोड़ी राहत मिलते ही मन कुछ नया सीखने, नए स्थान देखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है।यही अवसर है, जब आप अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें एवं जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर आपके सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों। किशोर एवं युवा इन छुट्टियों में नई भाषा या नया कौशल सीख सकते हैं। यह समय अच्छी पुस्तकों से मित्रता, फोटोग्राफी, चित्रकारी, पाक कला, संगीत और बागवानी जैसी रुचियों को पूरा करने का हो सकता है।

## ननिहाल-ददिहाल ले जाएं, ताकि वे संस्कारों को जान सकें

मुख्यमंत्री ने पाती में आगे लिखा कि प्रिय अभिभावकों, कुछ बातें मैं आपसे भी साझा करना चाहता हूं। हममें से अधिकतर लोगों ने बचपन में दादा-दादी, नाना-नानी से कहानियां सुनी होंगी। आज बच्चे इन अनुभवों से दूर होते जा रहे हैं। मेरा आपसे आग्रह है कि इन छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-ददिहाल अवश्य ले जाएं। उन्हें परिवार के साथ समय बिताने दें, ताकि वे अपने संस्कारों और परंपराओं को निकट से जान सकें।

### बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का भी करें प्रयास

मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि ग्रीष्मावकाश में बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का प्रयास करें। उनके साथ पौधे लगाएं, उनकी देखभाल का दायित्व उन्हें दें तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखने की आदत विकसित करें। जब बच्चे मिट्टी, वृक्ष और जल के महत्व को समझते हैं, तभी उनके अंदर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। याद रखिए, जिस वृक्ष की जड़ें मजबूत होती हैं, वही सबसे अधिक फलदायी एवं दीर्घजीवी होता है। हमारी संस्कृति और संस्कार भी वैसी ही जड़ें हैं।मुख्यमंत्री ने बच्चों को घुमाने पर जोर दिया। उन्होंने लिखा कि घूमना-फिरना जीवन को समझने का माध्यम है। बच्चों को ऐसे स्थानों पर ले जाएं, जहां वे प्रकृति एवं जैव विविधता का अनुभव करें।

## खबर संक्षेप

### देश का पहला एआई कॉल सेंटर बिहार में



**पटना।** बिहार का साइबर हेल्पलाइन कॉल सेंटर (1930) जल्द ही एआई आधारित होगा। इससे कॉल सेंटर पर साइबर अपराध और ठगी से जुड़ीं शिकायतें वर्तमान के मुकाबले काफी कम समय में दर्ज हो सकेंगी। वहीं, नई व्यवस्था में कार्रवाई में समय कम लगेगा और पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' का फायदा मिलेगा।

### बेटे ने पिता और पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा



**लोहरदगा।** जिले में सोमवार सुबह मामूली झगड़े के बाद 35 वर्षीय बेटे ने कथित तौर पर अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। इसके बाद उसी कुल्हाड़ी से पत्नी को भी काट डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोहरे हत्याकांड की वजह पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पड़ोसियों के अनुसार अक्सर घर में झगड़े होते रहते थे। लेकिन इतनी बड़ी वारदात का अंदाजा नहीं था।

26 मई को खत्म हो रहा कार्यकाल

सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी हरी झंडी

# यूपी पंचायत चुनाव होने तक ग्राम प्रधान ही रहेंगे प्रशासक

*यूपी में प्रधान को ही प्रशासक की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। प्रदेश में पहली बार इस प्रकार का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है।*

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

उत्तर प्रदेश में प्रधान ही प्रशासक बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसके साथ ही तय हो गया है कि मंगलवार से प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान अब प्रशासक की भूमिका में आ जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में पंचायत चुनाव समय में पर कराने में सरकार सफल नहीं हो पाई। इसके बाद से पंचायतों में प्रशासक की नियुक्ति की चर्चा चल रही थी। सरकार की ओर से पहले एडीओ पंचायत को प्रशासक के तौर पर नियुक्त करने की परंपरा रही थी। हालांकि, सरकार ने इसके विपरीत गांवों में चलने वाली योजनाओं की गति को बनाए रखने के लिए प्रधानों को ही प्रशासक के तौर पर नियुक्त करने की योजना बनाई। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंजूरी के बाद 26 मई से सभी पंचायतों के प्रधान प्रशासक बन जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में प्रधानों का कार्यकाल मंगलवार 26 मई को खत्म होने जा रहा है।

## संघ की मांग को सरकार ने माना



राष्ट्रीय पंचायत राज्य ग्राम प्रधान संघ की ओर से प्रधानों को हीं प्रशासक बनाए जाने की मांग की गई थी। संघ का कहना था कि एडीओ पंचायत के प्रशासक बनने से योजनाओं में देरी होती है। एक अधिकारी पूरे क्षेत्र पर नजर नहीं रख पाता है। ऐसे में अगर ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बना दिया जाए तो फिर विकास कार्यक्रमों को तेज रखने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने संघ की मांग को मान लिया। माना जा रहा है कि अब यूपी में पंचायत चुनाव का आयोजन विधानसभा चुनाव के बाद ही हो सकता है।

### 57,694 पंचायतों में प्रशासक

यूपी पंचायत चुनाव समय पर पूरा नहीं होने के कारण प्रदेश के 57,694 पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति होने जा रही है। दरअसल, 26 मई को प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं के प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा था। ऐसे में प्रशासकों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही थी। एडीओ पंचायत की जगह योगी सरकार ने प्रधानों को ही प्रशासक बनाने का फैसला ले लिया। उत्तर प्रदेश में पहली बार सभी 57,694 प्रधानों को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया जा रहा है।

### सीटों की आरक्षण सूची अक्टूबर-नवंबर तक आएगी

दरअसल, सरकार की ओर से पंचायतों में सीटों के आरक्षण के लिए डेडिकेटेड ओबीसी आयोग का गठन पिछले दिनों हुआ है। आयोग को रिपोर्ट तैयार करने में छह माह का समय लग सकता है। ऐसे में सरकार के पास सीटों की आरक्षण सूची अक्टूबर-नवंबर तक आएगी। उस समय तक प्रदेश में विधानसभा चुनाव का माहौल गरमाने लगेगा। इस दौरान अन्य चुनावों की तैयारी कर पाना किसी भी दल या प्रशासन के लिए संभव नहीं हो पाएगा।

सरकार से लेकर प्रशासन तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे रहेंगे। ऐसे में पंचायत चुनाव आगे बढ़ना तय है। ऐसे में प्रधानों के प्रशासक बनाए जाने से योगी सरकार गांवों तक विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी पहुंचाने में कामयाब होगी। प्रधान बने प्रशासक भी सरकार के प्रचार का एक माध्यम बन सकेंगे।

मोदी सरकार की पहल से सीएम गदगद

# अब सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली भाषा की होगी पढ़ाई

अमन लेखनी समाचार/पटना

बिहार के मिथिला वासियों की बोलचाल की भाषा मैथिली को सीबीएसई कोर्स में जगह मिल गई है। मैथिली देश की 22 मातृभाषाओं की श्रेणी में शामिल हो गई जिनकी पढ़ाई राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय शिक्षा माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में होती है।



केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने दरभंगा सांसद गोपालजी ठाकुर को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया है। भाजपा सांसद गोपालजी ठाकुर इसके लिए सतत अभियान चला रहे थे।

### एनसीईआरटी की ओर से किताबों का हो रहा अनुवाद

सांसद के नाम लिखे पत्र मे केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि आपके द्वारा मैथिली भाषा को कोर्स में शामिल करने को लेकर पत्र लिखा गया था। एनसीईआरटी से इस संबंध में आवश्यक जांच कराई गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के आलोक में वर्ग 5 तक तथा यथासंभव वर्ग 8 तक मातृभाषा की पढ़ाई कराई जा सकती है। एनसीईआरटी की ओर से मैथिली समेत 22 अनुसूचित भाषाओं में किताबों का अनुवाद कराया जा रहा है। गोपालजी ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया है।

### सीएम ने खुशी जताई

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी ट्वीट कर मैथिली भाषा को कोर्स में शामिल करने पर खुशी जताई है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को खास तौर पर धन्यवाद दिया है। सीएम ने लिखा है कि मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व मातृभाषा मैथिली को शिक्षा व्यवस्था में सशक्त स्थान दिलाने की दिशा में लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक एवं स्वागतयोग्य है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में कक्षा 1 से माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता मिलना मिथिला की सांस्कृतिक अस्मिता और भाषाई गौरव के लिए गर्व का विषय है।

# गांवों में आवागमन हुआ आसान, आर्थिक गतिविधियों को मिला बढ़ावा- केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांवों में आवागमन के लिए आन्तरिक गलियों को बेहतर तरीके से सही कराया जाय। सड़कों, पुलियों और पैदल मार्गों के निर्माण ने न केवल रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों को मुख्यधारा से जोड़कर उनकी जीवनशैली में सुधार किया है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मार्गों (सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, चकरोड) का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इनके निर्माण से आवागमन सुगम हुआ है एवं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता भी बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में नदियों और नालों के कारण आवागमन में असुविधा न हो और खासकर मानसून के दौरान । इसलिए मनरेगा के तहत पुलियों का निर्माण किया गया है, जिससे हर मौसम में कनेक्टिविटी निश्चित हुई है। उन गांवों में जहां वाहनों के लिए बड़ी सड़कें बनाना संभव नहीं है, मनरेगा के तहत पैदल मार्ग और छोटे संपर्क मार्ग बनाए गए हैं। ये मार्ग विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए उपयोगी हैं, जो स्कूल, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य सुविधाओं तक पहुंचने के लिए इनका उपयोग करते हैं। ग्रामीण सड़कों की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए जल निकासी प्रणाली का निर्माण महत्वपूर्ण है। मनरेगा के तहत सड़कों के किनारे नालियों का निर्माण किया गया है, जिससे बारिश के दौरान सड़कों को नुकसान नहीं पहुंचता। बेहतर सड़क नेटवर्क ने ग्रामीण उत्पादों, जैसे सब्जियों, अनाज और दूध, को बाजारों तक पहुंचाने में मदद की है। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिला है। ग्रामीण कनेक्टिविटी परियोजनाओं ने स्थानीय श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया है। बेहतर कनेक्टिविटी ने ग्रामीण समुदायों, विशेषकर महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों, को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा (वीबी जी राम जी) के तहत उत्तर प्रदेश में ग्रामीण आन्तरिक गलियों और संपर्क मार्गों के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बीते 5 साल 2021-22 से अब तक में योजनांतर्गत 3.61 लाख से ज्यादा ग्रामीण संयोजकता के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। आयुक्त, ग्राम्य विकास, जी0 एस0 प्रियदर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में ग्रामीण कनेक्टिविटी कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओ का विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, जो देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, में मनरेगा के तहत ग्रामीण कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। ये कार्य न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों को शहरी केंद्रों और बाजारों से जोड़कर उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाते हैं। ग्रामीण कनेक्टिविटी कार्यों में मुख्य रूप से ग्रामीण सड़कों का निर्माण, मरम्मत और रख-रखाव, नालियों का विकास शामिल है। ये कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाते हैं, जिससे किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को बाजारों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलती है। उत्तर प्रदेश में, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क की कमी एक बड़ी चुनौती रही है, मनरेगा ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

6 हजार डॉलर देने होंगे जुर्माने में

# अवैध प्रवासियों को शरण देने के मामले में भारतीय नागरिक पर आरोप तय

अमन लेखनी समाचार/सिंगापुर

सिंगापुर में आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करने वाले 13 भारतीय नागरिकों को अवैध रूप से अपने फ्लैट में शरण देने और रोजगार मुहैया कराने के मामले में एक 26 वर्षीय भारतीय नागरिक कनोजिया रिकेन के खिलाफ अदालत में आरोप तय किए गए हैं। आव्रजन एवं जांच चौकी प्राधिकरण (आईसीए) द्वारा जारी बयान के अनुसार, रिकेन ने बिना वैध दस्तावेजों की जांच किए इन लोगों को दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच अपने फ्लैट में ठहराया था। गत



3 मार्च को मारें गए छापे में पकड़े गए इन सभी 13 प्रवासियों (11 पुरुष और 2 महिलाएं) के यात्रा पास की अवधि समाप्त हो चुकी थी। इसी मामले में लापरवाही बरतने और अवैध रूप से काम पर रखने के आरोप में दो स्थानीय सिंगापुरी नागरिकों-चीनी मूल के सोंग यी दा (37) और भारतीय मूल की सुबा प्रियदर्शिनी पर भी कानूनी कार्रवाई की गई है। सोंग पर बिना वर्क परमिट के एक भारतीय नागरिक राजप्पा राजू (39) को काम पर रखने का आरोप है।

अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई

युद्ध को समाप्त करने पर कोई बात नहीं हुई

# समझौते में देरी पर भड़के ईरान ने कहा अमेरिका बार-बार बदल रहा अपना रुख

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ईरान ने सोमवार को अमेरिका की ओर से शांति वार्ता में हो रहे बदलावों की कड़ी आलोचना की। ईरान ने कहा कि शांति वार्ता जारी होने के बावजूद इस तरह के बदलावों से बातचीत और भी मुश्किलें पैदा करती हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने समझौते में देरी लगने पर अमेरिका की आलोचना भी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि अभी दोनों पक्ष कई विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, यह सही



है कि हम चर्चा के अधिकांश विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं, लेकिन यह कहना कि इसका मतलब जल्द ही किसी समझौते पर हस्ताक्षर होना है- ऐसा दावा कोई नहीं कर सकता। अमेरिकी अधिकारियों के रुख में बार-बार होने वाले बदलाव हर बातचीत को जटिल बना देते हैं। ईरान की अर्ध सरकार समाचार एजेंसी आईएसएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्माइल बाघई ने कहा कि अभी चल रही बात मुख्य रूप से युद्ध को समाप्त करने को लेकर हैं और अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, बातचीत का मुख्य केंद्र युद्ध को समाप्त करना है, और इस चरण पर, हम परमाणु मुद्दे की बारीकियों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। इससे पहले सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता कराने पर बात हो रही है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोई बुरा समझौता नहीं करेंगे। ईरान से जुड़े सवाल पूछे जाने पर मार्को रूबियो ने कहा, हम अभी भी इस पर काम कर रहे हैं।

## स्वीडन में चुनावी मुद्दा बन गई घटती जनसंख्या

# दुनिया में सबसे ज्यादा खुशहाल देश का अजीब चुनावी वादा, तुम हमें वोट दो, हम तुम्हें बच्चे देंगे

अगर सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार फिर आई, तो वे कपल्स को बच्चा पैदा करने के लिए मदद देंगे

हाल ही में स्वीडन के इलेक्शन कैंपेन से जुड़ी खबर डराती भी है और चौंकाती भी है

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत में जनसंख्या बढ़ना समस्या है और परिवार नियोजन एक बड़ी डिबेट बनी हुई है। ये उपाय ढूंढे जा रहे हैं कि कैसे जनसंख्या को कम किया जाए। हालांकि चुनावी मुद्दे अब भी ये विषय शामिल नहीं है लेकिन एक ऐसा भी देश है, जहां चुनाव में लोगों से वादे किए जा रहे हैं कि अगर उनकी सरकार आई, तो लोगों के परिवार बढ़ाकर ही मानेंगे। जब तक उनके घर में किलकारी नहीं गूंजती, इस प्रयास का सारा खर्चा सरकार उठाएगी। आप सोच रहे होंगे कि



चुनावी प्रचार

भला ऐसा कौन करता है, तो आपको बता दें कि दुनिया के सबसे खुशहाल देश में ये चुनावी वादे हो रहे हैं। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में शामिल स्वीडन इस समय एक बड़ी समस्या से जूझ रहा है। देश में लगातार गिरती जन्मदर ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टेर्सन ने आने वाले आम चुनाव में मुद्दा सड़क, बिजली, पानी या भत्ते नहीं हैं बल्कि आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन बना हुआ है। स्वीडन सरकार ने हाल ही में पहली बार माता-पिता बनने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए सरकारी सहायता बढ़ाने का फैसला लिया है। पहले सरकार आईवीएफ के तीन प्रयासों का खर्च उठाती थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 6 कर दिया गया है। प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने कहा है कि अगर उनकी मॉडरेट पार्टी सितंबर में होने वाले चुनाव में फिर सत्ता में आती है।

### *घटती जन्मदर की बड़ी समस्या*

*ब्रिटिश अखबार द गार्डियन के मुताबिक प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कुछ लोग बच्चे नहीं चाहते हों, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि बहुत से लोग ऐसे हैं जो बच्चे चाहते हैं, लेकिन किसी कारण से माता-पिता नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे में नए नियमों के तहत पहले बच्चे के लिए छह बार मुफ्त आईवीएफ सुविधा मिलेगी. हालांकि अभी अतिरिक्त बच्चों के लिए यह सुविधा लागू नहीं हुई है। स्वीडन में एक बार आईवीएफ कराने की लागत लगभग 50 हजार स्वीडिश क्रोनर होती है। क्रिस्टर्सन ने कहा कि कई परिवार एक बच्चे के बाद दूसरे बच्चे की भी इच्छा रखते हैं, ताकि उनके बच्चे का भाई या बहन हो सके। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि सरकार यह तय नहीं करना चाहती कि किसी परिवार में कितने बच्चे होने चाहिए क्योंकि यह पूरी तरह निजी फैसला है।*

## दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाइट लखनऊ एयरपोर्ट डाइवर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। खराब मौसम का असर सोमवार को विमान सेवाओं पर भी देखने को मिला। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाइट दुबई की उड़ान (एफजेड-1595) को खराब मौसम के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। यह विमान सोमवार दोपहर 12:40 बजे दुबई से काठमांडू के लिए रवाना हुआ था और उसे शाम 6:55 बजे काठमांडू पहुंचना था। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि काठमांडू में मौसम अत्यधिक खराब होने और दृश्यता प्रभावित होने के कारण विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके बाद विमान को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, लखनऊ की ओर मोड़ दिया गया। यह उड़ान शाम करीब 7 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी। विमान में कुल 164 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार हैं।

# रहीमाबाद में भीषण सड़क हादसा, मासूम बच्चों समेत छह घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

## कपड़ों की खरीदारी कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार, मासूम समेत छह घायल

अमन लेखनी समाचार



घायल सच्चिदानंद



घायल विपिन कुमार



घायल आसिफ



घायल अक्षत और बहन अक्षरा



घायल अनुराधा



क्षतिग्रस्त कार फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रसूलाबाद-चांदपुर गांव के बीच स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर बाद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शादी के लिए कपड़ों की खरीदारी कर लखनऊ से किराए की कार से वापस घर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार वैगनआर कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर तक घिसटती हुई सड़क किनारे सात फीट गहरी खंती में जा घुसी और पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

### अचानक सड़क पार कर रहे बाइक सवार को बचाने में हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जिओ पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार अचानक सड़क पार करने लगा। इसी दौरान लखनऊ की ओर से तेज गति से आ रही वैगनआर कार चालक का ब्रेक लगाने से कार का संतुलन बिगड़ गया। कार बेकाबू होकर पहले सड़क किनारे घिसटती रही और फिर खंती में पलटते हुए पेड़ से जा टकराई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह पूरी क्षतिग्रस्त हो गई।

### कार में फंसे लोगों को केबिन काटकर निकाला गया

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया, लेकिन कार में फंसे दो लोगों को बाहर निकालना बेहद मुश्किल हो गया। काफी मशक्कत के बाद कार का केबिन काटकर घायलों को बाहर निकाला गया।

### मासूम बच्चों समेत छह लोग घायल

दुर्घटना में हरदोई जनपद के बेनीगंज गिरधरपुर निवासी सच्चिदानंद (40), उनकी पत्नी अनुराधा (32), बेटा अक्षत (3), डेढ़ वर्षीय बेटी अक्षरा, नई बस्ती बेनीगंज निवासी विपिन गुप्ता (31) और अंधे की चौकी महिपतमऊ निवासी चालक आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए।

### प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि तीन घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वैगनआर कार तेज गति से आ रही थी। इसी कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और कार खंती में जाकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### हादसे के बाद जुटी भीड़, लोगों में दहशत

हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। कार की हालत देखकर लोग हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं।

# विवादित स्थल पर बढ़ा तनाव, बकरीद और जुमे की नमाज पर संकट

## कसमंडी कला में भारी पुलिस फोर्स तैनात, धार्मिक गतिविधियों पर रोक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के कसमंडी कला स्थित विवादित स्थल को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। विवाद के चलते कथित मस्जिद में ईद-उल-अजहा (बकरीद) और जुमे की नमाज पर भी संकट गहरा गया है। माना जा रहा है कि प्रशासनिक निदेर्शों के बाद फिलहाल वहां सभी धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

### विवादित स्थल के आसपास कड़ी निगरानी

सोमवार को गोमतीनगर, बीकेटी, सैरपुर समेत कई इलाकों से हिंदू संगठनों के लोग विवादित स्थल की ओर बढ़ने लगे। हालांकि पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को रास्ते में ही रोक दिया। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए विवादित स्थल के आसपास करीब 10 थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई है।

### बैरीकेडिंग कर बंद किए गए रास्ते

प्रशासन ने विवादित स्थल की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर बैरीकेडिंग कर आम लोगों की आवाजाही भी रोक दी है। क्षेत्र में भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते माहौल पूरी तरह संवेदनशील बना हुआ है। अफसर लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

### दोनों पक्षों की धार्मिक गतिविधियों पर रोक

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले मुस्लिम पक्ष के लोग विवादित स्थल पर नमाज अदा कर रहे थे। विवाद बढ़ने के बाद प्रशासन ने नमाज पर रोक लगा दी। इसके बाद हिंदू पक्ष के लोग वहां हनुमान चालीसा पाठ करने के लिए जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें भी रोक दिया। हालात बिगड़ने की आशंका को देखते हुए अधिकारियों ने फिलहाल दोनों पक्षों की धार्मिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### बकरीद और जुमे को लेकर हाई अलर्ट

बकरीद और जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस-प्रशासन को विशेष सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ट्विंकल जैन ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से कुछ संगठन के लोग मौके पर पहुंचने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश हैं और सुरक्षा बल लगातार तैनात हैं

# सरकारी जमीनों पर कब्जों को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन, एसडीएम को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरकारी जमीनों पर बढ़ते अवैध अतिक्रमण और भू-माफियाओं की सक्रियता को लेकर सांस्कृतिक गौरव संस्थान ने प्रदेश सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की है। संस्थान के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन ने सोमवार को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीएम मलिहाबाद अंकित कुमार को सौंपा।




एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के लोग

### डेमोग्राफी परिवर्तन पर जताई चिंता

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पूर्ववर्ती सरकारों की तुष्टिकरण नीतियों के चलते कई स्थानों पर बेशकीमती सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर कालोनियां और प्लॉटिंग विकसित की गईं। संस्थान का कहना है कि इससे कई क्षेत्रों की जनसांख्यिकीय स्थिति प्रभावित हुई है, जो भविष्य में सामाजिक व्यवस्था और जन-सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है।

### सरकारी भूमि की जांच की उठी मांग

संस्थान ने नजूल, निष्क्रांत सीलिंग, शत्रु वक्फ, भूदान, ग्राम समाज, नगर निगम और विकास प्राधिकरण की जमीनों पर हुए कथित अवैध कब्जों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि फर्जी प्रविष्टियों, फर्जी आवंटनों और राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर सरकारी संपत्तियों पर कब्जे किए गए हैं।

### एसटीएफ राजस्व गठन का प्रस्ताव

संतोष सिंह तिलन ने प्रदेश स्तर पर एसटीएफ राजस्व के गठन की मांग उठाई, जो भू-माफियाओं और अधिकारियों-कर्मचारियों के गठजोड़ पर त्वरित कार्रवाई करे। साथ ही जिला स्तर पर फास्ट ट्रैक राजस्व कोर्ट स्थापित करने और भूमि अतिक्रमण को विशेष अपराध घोषित करने की मांग भी रखी गई।

### डिजिटल रिकॉर्ड और जवाबदेही पर जोर

ज्ञापन में सरकारी जमीनों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने, भौतिक सत्यापन कराने और राजस्व अभिलेखों को ऑनलाइन करने की मांग की गई। साथ ही लेखपाल, कानूनगो, ग्राम प्रधान और नगर निकायों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा मिलीभगत पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई गई।

### लंबे समय से जमे कर्मचारियों के तबादले की मांग

संस्थान ने कहा कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों के कारण भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं को संरक्षण मिलता है। इसलिए प्रभावी ट्रांसफर नीति लागू की जानी चाहिए।

### संगठित अभियान चलाना समय की जरूरत

संतोष सिंह तिलन ने कहा कि सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने और भू-माफियाओं पर रोक लगाने के लिए प्रदेश स्तर पर प्रभावी और संगठित अभियान चलाना समय की जरूरत है। इस दौरान प्रमोद, मोनू यादव, रमेश तिलन, मनोज, गुलजारीलाल, विमलेश मौर्य, सियाराम, अमर सिंह, आरवी सिंह, अनुराग सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह और संग्राम सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## आम के बाग में फंदे से लटका मिला मजदूर का शव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल कस्बा निवासी 22 वर्षीय मजदूर रिंकू गौतम का शव सोमवार सुबह गांव के पास स्थित आम के बाग में पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सोमवार सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों की नजर पेड़ से लटके युवक पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उसकी पहचान माल कस्बा निवासी रिंकू गौतम के रूप में हुई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। रिंकू की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। गांव के लोगों की भी मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही माल पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# तीन करोड़ 27 लाख की लागत से बनने वाला आधुनिक कार्यालय 12 माह में होगा पूर्ण

### डॉ राजेश्वर सिंह ने मंत्री रवींद्र जायसवाल के साथ किया उपनिबंधन कार्यालय, सरोजनीनगर के नवीन भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने मंत्री रवींद्र जायसवाल के साथ सोमवार को उपनिबंधन कार्यालय, सरोजनीनगर के नवीन भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। लगभग ?3 करोड़ 27 लाख की लागत से बनने वाला यह आधुनिक भवन आगामी 12 माह में पूर्ण होकर क्षेत्रवासियों को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम सेवाएं उपलब्ध कराएगा। गौरतलब है कि इस आधुनिक भवन के निर्माण हेतु भूमि आवंटन की आवश्यकता को देखते हुए डॉ राजेश्वर सिंह ने पूर्व में संबंधित विभाग को पत्र लिखकर सरोजनीनगर में नवीन उपनिबंधन कार्यालय भवन निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई थी। उनके सतत प्रयासों एवं पहल के परिणामस्वरूप आज इस महत्वपूर्ण परियोजना का शिलान्यास संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस अवसर पर डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का रजिस्ट्री विभाग आज केवल दस्तावेजों के पंजीकरण तक सीमित नहीं, बल्कि पारदर्शिता, तकनीक और जनविश्वास का सशक्त प्रतीक बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर रजिस्ट्री कार्यालय में प्रतिदिन 200 से अधिक रजिस्ट्रियों के माध्यम से हजारों नागरिकों को सम्मानजनक, सरल एवं नागरिक-हितैषी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंत्रियों के मार्गदर्शन में प्रदेश का रजिस्ट्री विभाग निरंतर आधुनिकता, पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री विभाग से प्राप्त होने वाला अनुमानित 42,000 करोड़ का राजस्व प्रदेश में नए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास को नई गति देगा। उन्होंने सरोजनीनगर को प्रदेश के सबसे सुरक्षित एवं तीव्र गति से विकसित हो रहे क्षेत्रों में बताते हुए कहा कि एयरो सिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी, 10,000 करोड़ के अनंत नगर प्रोजेक्ट तथा 7,500 करोड़ की विकास योजनाएं ह्लनए उत्तर प्रदेशह्व की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रही हैं। डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं डीड राइटर्स के सतत सहयोग से नागरिक सेवाओं को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं जन-केंद्रित बनाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के 382 रजिस्ट्री कार्यालय में से सरोजनी नगर में सबसे अधिक रजिस्ट्रियां होती हैं। इस नए कार्यालय को बनाने के लिए जब विधायक डॉ राजेश्वर सिंह मेरे पास सबसे पहले प्रस्ताव लाए तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां प्रतिदिन 200 रजिस्ट्रियां होती हैं, तो मैं आश्चर्य में पड़ गया। डॉ राजेश्वर सिंह ने ही कार्यालय ना होने के कारण लोगों को होने वाली परेशानियों से हम सभी को अवगत कराया। इसके बाद तत्काल मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने बिना समय गंवाए इस नए उप निबंधन कार्यालय को बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस अवसर पर महेश कुमार, देवीपाटन मंडल उपमहानिरीक्षक, राजेश कुमार, सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प, वाल्मीकि, प्रयागराज उपमहानिरीक्षक, संतोष सिंह, उपनिबंधक, राजेश सिंह चौहान, संकरी सिंह, कमलेश सिंह, अध्यक्ष सरोजनीनगर बार एसोसिएशन, राजेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, चंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, जिला मंत्री, के. एन. सिंह, पार्षद, लव कुश रावत, पार्षद प्रतिनिधि, आशीष सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एवं श्रीमती रंजन सिंह सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# दहेज में कार न मिलने से विवाहिता की गला घोटकर हत्या, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




मृतका रूपांशी फाइल – फोटो

लखनऊ। दहेज की मांग ने एक और विवाहिता की जिंदगी छीन ली। तीन माह की गर्भवती रूपांशी यादव (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति सुधीर यादव ननद निहारिका, विवाहिता ननद प्रीति पर मारपीट के बाद गला घोटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के तिलसुवा गांव निवासी जोगेंद्र यादव ने बताया कि बेटी रूपांशी की शादी 18 अप्रैल 2025 को भुलभुला खेड़ा निवासी सुधीर यादव के साथ हुई थी। शादी के शुरूआती दिनों में सबकुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद ही पति और ससुराल पक्ष दहेज में कार की मांग को लेकर आए दिन रूपांशी को प्रताड़ित करने लगे। पिता का आरोप है कि कार न मिलने पर सुधीर कुछ दिन पहले रूपांशी को मायके छोड़ गया था और साफ कह दिया था कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, वह ससुराल नहीं जाएगी। बाद में रिश्तेदारों और दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई, जिसके बाद समझौता कर रूपांशी को फिर ससुराल भेज दिया गया। उस समय वह तीन माह की गर्भवती थी। आरोप है कि रविवार रात को ससुराल पक्ष ने रूपांशी के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसका गला दबा दिया। हालत बिगड़ने पर घबराए परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी मलिहाबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के मामा ने रात करीब 11:30 बजे मायके पक्ष को फोन कर रूपांशी की तबीयत खराब होने की सूचना दी। जब परिवार अस्पताल पहुंचा तो रूपांशी का शव स्ट्रेचर पर पड़ा मिला। बेटी की हालत देखकर पिता जोगेंद्र यादव बदहवास हो गए और अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

# बाइक की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तो की मौत

अमन लेखनी समाचार





सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार देररात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों एक ही बाइक से जा रहे थे। तभी अज्ञात बाइक की टक्कर के बाद उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर की हाइडिल कॉलोनी निवासी रमेश का बेटा कमल (18) मजदूरी करता था और बंथरा के लाला खेड़ा निवासी वीरेंद्र का बेटा दीपांशु रावत (19) हाईस्कूल का छात्र था। दोनों आपस में दोस्त थे। रविवार रात दोनों बंथरा के लाला खेड़ा से एक ही बाइक से सरोजनीनगर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रात करीब 10 बजे बंथरा स्थित हनुमान मंदिर के पास कानपुर रोड पर पीछे से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं टक्कर मारने वाला बाइक सवार वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक दीपांशु अपने मां बाप का इकलौता बेटा था, जबकि कमल के परिवार में उसके माता-पिता के अलावा एक छोटा भाई और एक बहन है।

# अटारी पंचायत में लगेगी 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन बस', युवाओं को मिलेगा मुफ्त कंप्यूटर प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल क्षेत्र की अटारी पंचायत में बच्चों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से एक माह का निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनआईआईटी संस्थान के सहयोग से 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन' के माध्यम से संचालित होगा। कार्यक्रम के तहत 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे और युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक एसी युक्त मोबाइल यूनिट अटारी में ही उपलब्ध कराई जाएगी, जहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा कंप्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, साइबर सुरक्षा, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) समेत कई महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के अभिभावकों और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# विद्युत शार्ट सर्किट से जनरल मर्चेंट की दुकान में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध हालत में एक जनरल मर्चेंट की दुकान में आग लग गई। तेज धुआँ और आग की लपटें उठती देख घटना की सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना के बाद पहुंची एक दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत कर करीब 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया। इस घटना में करीब 6 लाख रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। सरोजनी नगर के अमौसी निवासी सुशील कुमार के मुताबिक अमौसी गांव में उनके घर के अगले हिस्से में परचून और इलेक्ट्रिक सामान के अलावा स्टेशनरी की जनरल मर्चेंट दुकान है। जबकि मकान के पिछले हिस्से में वह परिवार सहित रहते हैं। सुशील रविवार रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर घर के अंदर चले गए और खाना खाने के बाद मकान की छत पर सो गए। रात करीब 1 बजे उनका बेटा ऋषि पेशाब करने उठा तो दुकान से तेज धुआं और आग की लपटें उठती देख उसने इसकी सूचना अपने पिता को दी। बाद में पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी गई। आनन-फानन सभी लोग समरसेबल से आग बुझाने में जुट गए। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। बाद में फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना के बाद सरोजनी नगर फायर स्टेशन से पहुंची एक दमकल गाड़ी ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस घटना में दुकान के अंदर रखा करीब 6 लाख रुपए कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

## संक्षेप

### अलग अलग सड़क हादसे में पांच युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अलग मार्गों पर हुई सड़क दुर्घटना में पांच युवक घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया पहली घटना कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के सफीपुर रसूलाबाद मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग पर कुत्ता को बचाने के चक्कर बाइक अनियंत्रित हो गई जिसमें सवार थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के दशहरी निवासी सोनू 21 वर्ष पुत्र दिनेश रिंकू 20 वर्ष पुत्र नरेश सुनील 36 वर्ष पुत्र बेचेलाल घायल हो गए दूसरी घटना थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के जमुनिया कच्छ के पास दो बाईकों की आमने सामने जोरदार भिंडत हो गई जिसमें सवार दीपक 21 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र पृथ्वीराज 18 वर्ष पुत्र मुनेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते सभी को जिला अस्पताल भेज दिया।

### युवक के खाते से साइबर ठगो ने पार कर दिया 59 हजार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे एक वाटर सप्लायर के खाते से साइबर ठगो ने 59 हजार रुपए पार कर दिए।मैसेज आने पर जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए।पीड़ित ने साइबर अपराध शाखा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के मोहल्ला सोहरवा तालाब निवासी विकास पाल पुत्र रामकिशन मांगलिक कार्यक्रमों में वाटर सप्लाई का काम करता है।उसने बताया कि कस्बे के ही बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में उसका खाता संचालित है। शनिवार 23 मई को दोपहर बाद जब उसकी नींद खुली तो मोबाइल पर एक के बाद लगातार आए तीन मैसेज में 25 -25 हजार और 809 रुपए निकलने की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए।उसने बताया न कोई ओटीपी न ही ही किसी से उसने बात की फिर आखिर रुपए खाते से निकले कैसे।उसने बैंक से शिकायत कर विवरण निकलवाया तो खाते में मात्र 42 पैसे ही बचे थे।उसने पुलिस की साइबर सेल शाखा में शिकायत दर्ज कराई है जहां से उसके खाते से भेजे गए खाते की रकम को फ्रिज करा दिए जाने का आश्वासन मिला है।

### अवैध असलहा समेत युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के जंगलीखेड़ा के पास रविवार रात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान पैदल जा रहे एक युवक को पकड़ लिया।शक के आधार पर तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है।पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम बीरेन्द्र उर्फ बिंदा निवासी गोकुलखेड़ा, असोहा बताया है। एसओ फूल सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्जकर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

# गंगा दशहरा के पर्व पर गंगा घाटों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को उन्नाव जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाटों पर पहुंचने लगे थे। लोगों ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। गंगाघाट, परियर, बक्सर समेत जिले के प्रमुख घाटों पर दिनभर भारी भीड़ बनी रही। गंगा दशहरा के अवसर पर महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में घाटों पर पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर दीपदान किया और दान-पुण्य कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। कई लोगों ने ब्राह्मणों को भोजन कराया और गरीबों को वस्त्र तथा अन्न का दान दिया। घाटों पर हर-हर गंगे और जय मां गंगा के जयकारों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। गंगाघाट क्षेत्र में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। यहां दूर-दराज के गांवों और कस्बों से भी श्रद्धालु पहुंचे। गंगा स्नान के बाद लोगों ने मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। कई सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे और शरबत वितरण का आयोजन भी किया गया।

घाटों पर दिनभर धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं। श्रद्धालु परिवार के साथ पूजा-पाठ में जुटे रहे। बच्चों और महिलाओं में भी पर्व को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया।गंगा दशहरा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर घाटों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। एसएसपी जयप्रकाश सिंह और जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर पुलिस, पीएसी और जल पुलिस की टीमों को विभिन्न घाटों पर लगाया गया। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी। प्रशासन ने घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था भी कराई थी। भीड़ पर नजर रखने के लिए कई घाटों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों की मदद ली गई। पुलिस लगातार घाटों और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी करती रही। प्रशासन का उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोकना था।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंगा किनारे जल पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार गश्त करती रही। गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए लाउडस्पीकर से लगातार अनाउंसमेंट कराया गया। घाटों पर स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया था, जो लोगों को सुरक्षित स्नान के लिए जागरूक करते रहे। नगर पालिका कर्मियों ने सुबह से घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था संभाली। स्वास्थ्य विभाग की टीमें एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार सामग्री के साथ मौजूद रहीं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र में खेत से घर लौट रहे एक किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल किसान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। सफीपुर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव,निवासी 50 वर्षीय तेज शंकर पुत्र स्वर्गीय तुलई खेती-किसानी का काम करते थे। वे अपनी बाइक से खेत से घर वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तेज शंकर सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

तेज शंकर की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज शंकर बेहद मेहनती और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे, जो पूरी तरह खेती पर निर्भर थे और उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।मृतक के परिवार में तीन बेटे और तीन बेटियां हैं, जिनमें से दो बच्चे दिव्यांग हैं।इन बच्चों की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी तेज शंकर पर ही थी। उनकी अचानक मौत के बाद परिवार के सामने एक बड़ा आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।मृतक के परिवार में दो दिव्यांग बच्चे हैं, जिनकी देखभाल और इलाज की जिम्मेदारी तेज शंकर पर थी। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों के मुताबिक तेज शंकर खेती कर अपने छह बच्चों और परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह गांव में मेहनती किसान के रूप में जाने जाते थे।

## भीषण सड़क दुर्घटना चालक व परिचालक की हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे सड़क हादसे में ट्रक ड्राइवर और हेल्पर की मौत हो गयी। यह हादसा उस समय हुआ जब ड्राइवर और हेल्पर टायर की हवा जांच करने नीचे उतरे थे। पीछे से आए ट्रक ने उन दोनों को रौंद दिया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक, ट्रक मक्का लेकर जा रहा था।ट्रक चालक बिजनौर निवासी रईस पुत्र मोहम्मद समीम अपने हेल्पर जैनुल के साथ ट्रक के टायर की हवा जांचने के लिए सड़क किनारे नीचे उतरे थे। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे से खड़े ट्रक में जा घुसा। बताया जा रहा है कि दूसरे ट्रक का चालक रहमत खान निवासी अलवर राजस्थान को चलते समय नींद की झपकी आ गई थी। जिसकी वजह से ट्रक नियंत्रण खोने के कारण उसका ट्रक सीधे खड़े वाहन से टकरा गया। हादसे के समय रईस और जैनुल ट्रक के पीछे मौजूद थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी उन्नाव भेज दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।हादसे के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों ट्रकों को एक्सप्रेसवे से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। टक्कर मारने वाले ट्रक और उसके चालक रहमत खान को हिरासत में ले लिया गया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ संतोष सिंह ने बताया एक्सप्रेसवे पर हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना प्रभारी संजीव कुमार कुशवाहा और स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लेकर गए जहां उपस्थित डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित किया है

# पीआरवी गाड़ी में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर दो घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर सामने से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने पीआरवी पुलिस की स्कार्पियो में टक्कर मार दी जिससे स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सडक किनारे खंती में पलट जाने से चालक और हेड कांस्टेबल घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकाल कर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

आसीवन थाना क्षेत्र में पीआरवी स्कार्पियो में तैनात हेड कांस्टेबल रमेश यादव पुत्र रामचंद्र यादव निवासी अयोध्या चालक सुनील कुमार पुत्र राम कुमार निवासी गलरा पुर औरास के साथ सोमवार की सुबह सूचना पर बीरुगढी गांव गए थे जहां से वापस आसीवन लौट रहे थे इसी बीच रानी बाग पुलिया के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट जाने से दोनों गभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाल कर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया सूचना पर पीआरवी प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार मिश्रा मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मृतका के पिता ने हत्या का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना मौरावां क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रविवार 25 मई 2026 को सुबह लगभग 8:15 बजे ढफश 6569 को सूचना मिली कि मोहनलाल खेड़ा मजरा असरेंदा निवासी सावित्री चौहान पत्नी राजभान उम्र करीब 26 वर्ष अपने घर की छत पर मृत अवस्था में पाई गई है। बताया जा रहा है कि विवाहिता रात में छत पर सो रही थी और सुबह करीब 6 बजे उसका शव मिला।मृतका की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका का मायका जामनगर मोहद्दीनपुर थाना डलमऊ जनपद रायबरेली में है।घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि पति राजभान द्वारा उनकी पुत्री के साथ मारपीट की जाती थी और उसी के कारण उसकी मौत हुई है।सूचना पर थाना मौरावां प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल उन्नाव की मोर्चरी भेज दिया है। मृतका ढाई वर्ष का पुत्र कार्तिक डेढ़ वर्ष की पुत्री राखी है उनका व उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर इलाके में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता सोमवार सुबह चला जब उसके कमरे का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार, गांधी नगर निवासी मनुज सिंह (40) पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह रविवार रात अपने घर पर थे। बताया जा रहा है कि रात में किसी बात को लेकर उनकी पत्नी शिवानी से कहासुनी हो गई थी। विवाद के बाद मनुज नीचे बने कमरे में चले गए और अंदर से कुंडी बंद कर ली। परिजनों ने सोचा कि वह नाराज होकर सो गए हैं। सोमवार सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला और अंदर से कोई आवाज नहीं आई, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने खिड़की से अंदर झांककर देखा। मनुज का शव पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही बिंदा नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच की जा रही है स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक कानपुर में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वह शराब पीने का आदी था और अक्सर उसके घर में घरेलू विवाद होते रहते थे। मोहल्ले के लोगों ने यह भी बताया कि मनुज ने इससे पहले भी दो बार आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन तब परिवार वालों ने उसे बचा लिया था। मृतक अपने पीछे पत्नी शिवानी और आठ वर्षीय बेटे अयान को छोड़ गया है। मनुज सिंह की मौत के बाद आठ वर्षीय बेटे अयान के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक इससे पहले भी दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था, लेकिन परिवार वालों ने समय रहते उसे बचा लिया था। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि मनुज शराब का आदी था। इसी वजह से घर में अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

## युवक का बिगड़ा संतुलन जीने से गिरा नीचे हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली सदर क्षेत्र स्थित बलवंत खेड़ा गांव में रविवार देर रात एक युवक की घर के जीने से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, बलवंत खेड़ा निवासी 28 वर्षीय राम खिलावन पुत्र गंगा प्रसाद रविवार रात अपने घर पर थे। परिजनों ने बताया कि वह कथित तौर पर शराब के नशे में थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह जीने से नीचे गिर पड़े। इस हादसे में उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रात करीब एक बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था, और पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मृतक राम खिलावन मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके दो छोटे बेटे हैं, जिनके सिर से पिता का साया असमय उठ गया है। ग्रामीणों ने उन्हें मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति बताया, जो परिवार की जिम्मेदारियां निभाने में लगे रहते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला एक दुर्घटना का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बेटी के घर जा रही वृद्ध महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर सड़क पार करते समय एक महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की पहचान माखी थाना क्षेत्र के डीहा राऊ करना गांव निवासी बाबूदेई (50) पत्नी स्व. राजा राम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बाबूदेई सोमवार को अपनी बेटी के घर दुर्गा खेड़ा पूआ लेकर जा रही थीं। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। गहरा गांव के पास लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पार करते समय एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाबूदेई गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बाबूदेई के परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। अब कमाने वाले सदस्य की मौत के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## एक जून से गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पासाखेड़ा में आगामी 1 जून से भव्य संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। श्री वीर बजरंगी बाबा की असीम अनुकंपा से आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। वीर बजरंगी सेवा समिति और समस्त भक्तगण इस भव्य आयोजन को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

### नारदानंद आश्रम के श्री मनमोहन जी महाराज करेंगे कथा रसपान

आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि इस सात दिवसीय संगीतमय कथा के व्यासपीठ पर नारदानंद आश्रम, नैमिषारण्य के सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्री मनमोहन जी महाराज विराजमान होंगे। महाराज श्री अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराएंगे। कथा का समय प्रतिदिन सायं 07 बजे से रात्रि 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान मुख्य परीक्षित के रूप में आरती एवं दिनेश प्रजापति पूजा-अर्चना का दायित्व संभालेंगे।

### 1 जून को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

कथा के शुभारंभ अवसर पर 01 जून 2026 (सोमवार) को प्रातः 07 बजे श्री वीर बजरंगी बाबा मंदिर से एक भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पल्लेश्वर बाबा मंदिर पहुंचेगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में शामिल होंगे।

### 8 जून को होगा महाप्रसादी व कन्याभोज भंडारा


सात दिनों तक चलने वाली इस ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति 08 जून 2026 (सोमवार) को होगी। इस दिन प्रातः काल महापूर्णाहुति एवं कन्याभोज का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारे (महाप्रसादी वितरण) का आयोजन होगा।

### सेवा समिति के सदस्य संभाल रहे व्यवस्थाएं

इस वृहद धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए वीर बजरंगी सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री हरिहर प्रसाद बाजपेई, हरिकृष्ण शुक्ल, रामानंद द्विवेदी, गौरव बाजपेई, मयंक बाजपेई, छोटू बाजपेई, राजा शुक्ला, सुमित, मोहन सोनी, संदीप प्रजापति, रोहित प्रजापति और धर्मपाल सिंह सहित पूरी टीम मुस्तैदी से जुटी हुई है। व्यवस्थापक विनय कुमार प्रजापति ₹गुड्डू₹ (पुत्र बाबूराम प्रजापति) ने बताया कि कथा स्थल श्री वीर बजरंगी मन्दिर (निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र), पासाखेड़ा, पुरवा, उन्नाव में टेंट, लाइट और साउंड की मुकम्मल व्यवस्था कर ली गई है।आयोजक मंडल, समस्त क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं और बहनों से इस कथा में पधारकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

# बकरीद पर्व को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, एसएसपी जयप्रकाश सिंह, एडीएम, एएसपी, सभी एसडीएम, सीओ समेत विभिन्न धर्मों और समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए।बैठक के बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है। उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से सहयोग की अपील की ताकि आपसी भाईचारा बना रहे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। सभी लोग निर्धारित स्थानों पर ही नमाज पढ़ेंगे। इसके अलावा, प्रतिबंधित पशुओं के कटान पर पूरी तरह रोक रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि पशु कटान के बाद निकलने वाले अपशिष्ट के निस्तारण को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कटान के बाद बचने वाले अवशेषों को पूरी तरह ढंककर ही परिवहन कराया जाएगा तथा पर्याप्त गहराई वाले गड्ढों में ही उनका निस्तारण किया जाएगा, ताकि स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो। डीएम ने कहा कि जिले में मौजूद सभी सूअर बाड़ों को भी नोटिस जारी कर दिए गए हैं। उन्हें निर्देशित किया गया है कि त्योहार के दौरान सूअरों को खुले में न छोड़ा जाए, जिससे किसी प्रकार की धार्मिक भावना आहत न हो।एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। जिलेभर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त पेट्रोलिंग कराई जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी। बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि सड़क पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी। सभी लोग निर्धारित स्थलों पर ही नमाज पढ़ेंगे। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित पशुओं के कटान की सूचना मिलने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# आतंकवाद पर और कड़ा प्रहार जरूरी

आतंकवाद विरोधी दिवस पर हाल ही के वर्षों में सुरक्षाबलों पर किए गए खतरनाक हमलों में से एक पुलवामा हमले के कातिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। पुलवामा एक ऐसा हमला था, जिसने पूरे देश को अस्थिर कर दिया था। इसके बाद भारतीय सेना को बालाकोट स्ट्राइक करनी पड़ी थी और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। असल में दुनिया के तमाम देश आतंकवाद पर सिलेक्टिव नजरिया रखते हैं, लेकिन इसे व्यापक नजरिये देखे जाने की जरूरत है। भारत ने इस हकीकत को समझ लिया है और अब यह स्पष्ट हो गया है कि आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। इसी का परिणाम है कि अब देश में आतंकवाद का माहौल कुछ कम हो गया है। हाल ही के दिनों में पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने सीमा पार ऑपरेशन सिंदूर कर दुश्मन को करारा जवाब दिया, लेकिन सीमापार नापाक देश अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह किसी न किसी रूप में भारत को निशाना बनाता रहता है। भारतीय सुरक्षाबल किसी भी दुस्साहस को जवाब देने के लिए तत्पर हैं। आतंकी हमजा बुरहान की हत्या केवल एक व्यक्ति के अंत की खबर नहीं है, बल्कि यह उस आतंकवादी ढांचे पर बड़ा संकेत है, जिसने दशकों से भारत की शांति और सुरक्षा को चुनौती दी है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता है और वहां की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। हमजा बुरहान, सलमान अजहर, शेख यूसुफ अफरीदी और सज्जाद अहमद जैसे नाम इसी नेटवर्क की कड़ियां रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में इन आतंकियों की रहस्यमयी मौतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंक की फैक्ट्री अब भीतर से भी दरकने लगी है। हालांकि इन घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि कम हुई है, लेकिन इतना जरूर है कि आतंकवादी संगठनों के भीतर असुरक्षा और भय का माहौल बढ़ा है। भारत के लिए यह समय केवल संतोष का नहीं, बल्कि और अधिक सतर्क होने का है। आतंकवाद का चेहरा बदल चुका है। पहले सीमा पार से घुसपैठ और हथियारों की तस्करी प्रमुख खतरा थे, लेकिन अब सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड ऐप्स और डिजिटल फंडिंग के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। हमजा बुरहान पर भी युवाओं की भर्ती और फंडिंग का आरोप था। यह बताता है कि आतंकवाद अब बंदूक से ज्यादा दिमाग और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान की सत्ता और वहां की खुफिया एजेंसियां लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को "रणनीतिक हथियार" की तरह इस्तेमाल करती रही हैं। जब तक इस सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक सीमा पार से साजिशें जारी रहेंगी। इसलिए भारत को केवल सैन्य शक्ति पर नहीं, बल्कि अपने खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी और मजबूत करना होगा, ताकि किसी भी हमले से पहले उसे भांप सकें और उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। तभी हम आतंक पर पूरी तरह लगाम लगाने में सक्षम हो सकेंगे। अब दुनिया में आतंक नए रूप में सामने आ रहा है। तकनीकी क्षमताओं के दम पर इसे आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। अब जरूरत है कि आतंक के हर प्रारूप पर कड़ा वार प्रहार किया जाए, तभी देश सुरक्षित होगा और आम नागरिक खुद को महफूज समझेगा और भारत को सुरक्षित भविष्य मिल सकेगा।



**मुद्दा**
रोहित महेश्वरी

# सुप्रीम कोर्ट का कुत्तों पर जरूरी हस्तक्षेप

> सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो।

देश में आवारा कुत्तों के हमलों और काटने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने पशु प्रेमियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने पिछले साल नवंबर में दिए गए अपने उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। पिछले साल जुलाई में रेबीज के कारण एक छह साल की बच्ची की मौत की खबर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, जिसके बाद लंबी सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। अदालत भी उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो। इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है।

हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। अदालत ने गौर किया कि एबीसी ढांचे की शुरुआत के बाद से लगभग दो दशक बीत जाने के बावजूद, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विस्तार और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर, व्यवस्थित और क्रमिक प्रयासों का स्पष्ट अभाव रहा है।

अदालत ने आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को उजागर करने वाली कई समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि उदयपुर में 2026 में लगभग 1,750 कुत्ते के काटने के मामले दर्ज किए गए, जबकि भीलवाड़ा में एक ही दिन में 42 लोगों को कुत्ते ने काटा। अदालत ने यह भी बताया



कि तमिलनाडु में 2026 के पहले चार महीनों में लगभग 2.63 लाख कुत्ते के काटने के मामले और 17 संबंधित मौतें दर्ज की गईं। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मुद्दा आवासीय इलाकों से आगे बढ़कर हवाई अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक फैल गया है, और यह भी बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 1 जनवरी, 2026 से हवाई अड्डे के टर्मिनलों में कम से कम 31 कुत्ते के काटने की घटनाओं को स्वीकार किया है।

केरलम राज्य के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए, लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं, तस्वीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। साल 2022 में मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में सबसे अधिक आवारा कुत्तों की संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में है, जबकि दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और मणिपुर में सड़कों पर कोई भी आवारा कुत्ता नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने बताया था कि 2012 के मुक़ाबले 2019 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या घटकर 20.59 लाख हो गई थी। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों, दोनों के हितों की रक्षा कर सके।सदैव से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत के निर्देशों के बाद अब राज्यों और नगर निकायों पर संस्थागत क्षेत्रों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने और प्रभावी नियंत्रण नीति लागू करने का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू इन नियमों को लेकर जहां पशु प्रेमियों में निराशा है वहीं कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और पीड़ितों को इस आदेश से जरूर खुशी मिली होगी। यह आदेश लागू हैं और अब सख्ती से इनको अमल में लाया जाना बाकी है। देखना है कि इन आदेशों के बाद किस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। यह पशु प्रेमियों की बड़ी पहल के परिणाम बदलाव लाने में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

**सियासत**
बाल मुकुन्द ओझा




# आखिर क्यों गुस्सा हो जाते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का विवादों से पुराना नाता रहा है। विशेषकर नरेंद्र मोदी के भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद से कांग्रसे नेता राहुल गांधी उनपर तरह-तरह के आरोप लगाते रहते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। रायबरेली में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृह मंत्री को 'गद्दार' तक कहा है। राहुल गांधी के हालिया बयानों पर एक नजर डालें तो पता चलेगा, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर सिर चढ़कर बोलने लगा है। दूसरी तरफ, भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता अर्बन नक्सली जैसी है। राहुल पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे राजनीति के 'राहु' हैं। राहुल गांधी परिवारवाद की उपज हैं। उन्होंने देश का अपमान किया है। राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर हैं। राहुल के बयान उनकी मानसिकता को बताते हैं। राहुल ने देश की जनता का अपमान किया है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में 52 से 99 पर पहुaचने के बाद जो गंभीरता पार्टी में आनी चाहिए थी वह कमोवेश देखने को नहीं मिली है। नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के गुस्से में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वे अपने गुस्से का इजहार करने के दौरान जो बातें कह रहे है वे लोगों को हजम नहीं हो रही है। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने का कोई भी मौका छोड़ नहीं रहे है।

राहुल गांधी मोदी के बहाने बेसिरपैर के आरोप लगाते तनिक भी नहीं हिचकिचाते । मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है। राहुल को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते है, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है जब लोग उन्हें तरह तरह की उपमाओं से नवाजते है। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिलाए मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे मरहूम रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। उनके पिता राजीव गांधी भी सौम्य व्यवहार और सभ्य भाषा का प्रयोग करते थे, लेकिन राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका गांधी ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। भाजपा का कहना है जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों लें। चौकीदार चोर, पनोती और जेब कतरा से लेकर अम्बानी अडानी के मुद्दे फेल हो चुके हैं। या यों कहे जनता ने नकार दिए। वे मोदी पर निजी हमले करने से बाज नहीं आते मगर जनता की अदालत में हर बार ठुकरा दिए जाते है। राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। राहुल के बयानों पर भाजपा आग बबूला हो रही है वहां इंडि गठबंधन की सहयोगी पार्टियां राहुल के बयानों का समर्थन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रही हैं। राहुल को अपने आरोपों के समर्थन में अपने देश में ही सशक्त आंदोलन कर जनता का समर्थन जुटाना चाहिए मगर चीन जैसे दुश्मन देश के पक्ष में बोलकर देशवासियों की सहानुभति खो रहे है।

# संकर सहज स्वरूप सम्हारा





संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

# जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### सिर्फ पेय नहीं, दुनिया की धड़कन है चाय

चाय सिर्फ एक पेय नहीं है, यह एक संस्कृति है, एक संवाद है और दुनिया के करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। दुनियाभर में पानी के बाद यदि कोई पेय पदार्थ सबसे ज्यादा पसंद और उपभोग किया जाता है तो वह है चाय। सुबह की पहली किरण के साथ नींद को अलविदा कहने से लेकर, दफ्तर की थकान मिटाने और मेहमानों के स्वागत तक, चाय हमारे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा बन चुकी है। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए हर साल 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'चाय को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना' न केवल चाय के पर्यावरण- अनुकूल उत्पादन पर जोर देती है, बल्कि उन लाखों छोटे किसानों और श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने का भी आह्वान करती है जिनकी आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है।

*- शंकर यादव, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### कृषि जीवन की मूल धारा



भारत में कृषि जीवन की मूल धारा और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम सिर्फ उत्पादन बढ़ाने के लिए ही नही, बल्कि एक ऐसा फार्मिंग इक्कोसिस्टम बनाने के लिए भी काम कर रहे है, जो पर्यावरण के अनुरूप हो और भविष्य रेडी हो। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं



हमारी सरकार के दौरान रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। भारत की नीति अब रिएक्टिव नही, बल्कि प्रोएक्टिव है। राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा, और इसी संकल्प के साथ भारत स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेजी से बढ़ावा दे रहा है।

**-राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### ऋण को सिबिल से ना जोड़ें



हर बैंक को, मुख्यालय से लेकर शाखा स्तर तक, बता दिया है कि फसल ऋण को सिबिल की शर्तो से नही जोड़ा जाए। रिजर्व बैंक के अधिकारियो ने इसकी पुष्टि की है। 'सिबिल' स्कोर से जुड़ी समस्याओं के कारण किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। **-देवेंद्र फडणवीस**, सीएम महाराष्ट्र

### धुसपैठियों को बीएसएफ को सौपेंगे



पश्चिम बंगाल में नया नियम लागू हो गया है, जिसके तहत घुसपैठियों को अब अदालतो में नहीं भेजा जाएगा, बल्कि बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश मे घुसपैठ बर्दाश्त नही की जाएगी।

**-शुभेंदु अधिकारी**, सीएम पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला संक्रमण का प्रकोप बढ़ने की चेतावनी

पूर्वी कांगो में इबोला संक्रमण से निपट रहे स्वास्थ्यकर्मियों और राहत सहायता समूहों ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि इसका प्रकोप बढ़ सकता है। उन्होंने अधिक आपूर्ति बढ़ाने और अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सशस्त्र समूह एक ऐसे क्षेत्र की सुरक्षा को लगातार खतरा पहुंचा रहे हैं जो पहले से ही विस्थापन और मानवीय संकट से जूझ रहा है। अलीमा नामक एक सहायता समूह के बुनिया क्षेत्र समन्वयक हामा अमाडो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'स्थिति चिंताजनक है क्योंकि संक्रमण तेजी से फैल रहा है।





## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता

## संक्षेप

### बिजली विभाग ने शुरू की 'वॉटर थेरेपी'

**भीषण गर्मी से तप रहे ट्रांसफार्मर, बिना रुके सप्लाई के लिए अर्थिंग में पानी**

अमेठी , भीषण गर्मी और लू का प्रकोप केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि बिजली व्यवस्था पर भी भारी पड़ रहा है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पार होने से ट्रांसफार्मरों के गर्म होकर फुंकने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में जिले का विद्युत विभाग उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 'वॉटर थेरेपी' अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत, विभाग ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए उनकी अर्थिंग लाइन में पानी डाल रहा है। अमेठी विद्युत उपकेंद्र की टीमें वॉटर टैंकरों के साथ सीधे ट्रांसफार्मरों तक पहुंच रही हैं। इसका उद्देश्य ट्रांसफार्मर का तापमान नियंत्रित रखना और उन्हें क्षतिग्रस्त होने से बचाना है।अमेठी टाउन में लगे 630 केवीए के बड़े ट्रांसफार्मर की पाइप अर्थिंग में टैंकर से लगातार पानी डाला जा रहा है।इसी प्रकार, मुंशीगंज रोड पर स्थित 250 केवीए के ट्रांसफार्मर और अमेठी टाउन के मुंशीगंज रोड पर लगे एक अन्य 250 केवीए ट्रांसफार्मर की अर्थिंग में भी पानी की व्यवस्था की गई है। रामनगर बाजार में लगे 250 केवीए ट्रांसफार्मर की पाइप अर्थिंग में भी नियमित रूप से पानी डाला जा रहा है।इस पूरे अभियान की निगरानी मौके पर मौजूद अधिकारी स्वयं कर रहे हैं। उपखंड अधिकारी इंजीनियर लालजी यादव के साथ अवर अभियंता सुदीप कुमार, उमाकांत मौर्य, बालेन्द्र वर्मा और रूपेंद्र मिश्रा भीषण धूप में सड़क पर उतरकर इस कार्य में जुटे हैं।अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के कारण अर्थिंग सूखने से ट्रांसफार्मर जल्दी गर्म होते हैं और वोल्टेज संबंधी समस्याएं आती हैं। अर्थिंग में पानी डालने से वह दुरुस्त रहती है, जिससे ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहते हैं और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल पाती है।

### 'ऑपरेशन दहन' के तहत ढाई करोड़ का मादक पदार्थ नष्ट

**213 किलो गांजा, स्मैक, हेरोइन और डोडा जलाकर किया खत्म**

अमेठी , पुलिस ने 'ऑपरेशन दहन' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जिले में जब्त किए गए लगभग ढाई करोड़ रुपये के 213 किलो मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। इनमें गांजा, स्मैक, हेरोइन और डोडा शामिल थे।ये सभी नशीले पदार्थ जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 29 मुकदमों से संबंधित थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी की देखरेख में यह कार्रवाई की गई।सुल्तानपुर स्थित निर्धारित स्थल पर विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए इन मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों का भी पूरा ध्यान रखा गया।पुलिस ने बताया कि इन मादक पदार्थों को न्यायालय से निस्तारण का आदेश मिलने के बाद एक जगह एकत्र कर नष्ट किया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में गांजे की मात्रा सर्वाधिक थी, जबकि डोडा, स्मैक और हेरोइन भी भारी मात्रा में शामिल थे। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 'ऑपरेशन दहन' चलाया जा रहा है। सुल्तानपुर स्थित रॉयल पॉल्यूशन कंट्रोल सर्विसेज के इंसिनरेटर में इन सभी मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया।

# पड़ोसी देश नेपाल में अन्तरक्रिया गोष्ठी मे शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया प्रतिभाग

**अमन लेखनी समाचार /मोहम्मद कौसर**




रुपईडीहा, बहराइच।पड़ोसी राष्ट्र मित्र नेपाल उप महानगर पालिका नेपालगंज में क्षयरोग निवारण संस्था बाँके शाखा के आयोजन में 1 दिवसीय शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच क्षयरोग निवारण सम्बन्धी अन्तरक्रिया आइतवार नेपालगन्ज में सम्पन्न हुआ है । नेपालगंज उप-महानगरपालिका अन्तर्गत के विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका मार्फत क्षयरोग के बारे में जनचेतना अभिबृद्धि करने की अभिप्राय से आयोजित वह अन्तरक्रियात्मक कार्यक्रम में नगर क्षेत्र की 16 विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ की सहभागिता रही थी। नेपाल क्षयरोग निवारण संस्था बाँके शाखा के सचिव बसन्त लामिछानेद्वारा सञ्चालित नेपाल क्षयरोग निवारण संस्था बाँके शाखा के सभापति जनकराम भण्डारी के अध्यक्षता में सम्पन्न वह अन्तरक्रिया कार्यक्रम में नेपालगन्ज उप-महानगरपालिका स्वास्थ्य महाशाखा के टि.बी. फोकल पर्सन स्वास्थ्य अधिकृत विनोद कुमार वि.क.ने क्षयरोग की लक्षण, क्षयरोगी के उपचार पद्दती, क्षयरोग के प्रकार और वर्तमान अवस्था की तथ्या सहित की प्रस्तुतीकरण में उप-महानगरपालिका क्षेत्र में 124 लोग क्षयरोगियों ने नियमित औषधी सेवन कर रहें है बताया। वह प्रस्तुतीकरण के उपर टिप्पणी करते हुये नेपाल क्षयरोग निवारण संस्था बाँके के सल्लाहकार तथा स्वास्थ्य विज्ञ सेमराज शाक्य ने टि.वी.के किटाणु सभी ब्यक्ति में होता है, लेकिन जिस की प्रतिरोध करने की क्षमता कम होती है वैसे व्यक्ति को रोग संक्रमण अधिक होती है बताया ।सँस्थाके पूर्व अध्यक्ष एवम्‌ वरिष्ठ पत्रकार पूर्ण लाल चुके के अनुसार अन्तरक्रिया कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य कार्यालय के क्षयरोग फोकल पर्सन स्वास्थ्य अधिकृत रवीन्द्र क्मार शाह, नेपालगन्ज उप-महानगरपालिका स्वास्थ्य महाशाखा के प्रमुख जागेश्वर बस्नेत ने सन्-2035 तक क्षयरोग मुक्त मुलुक बनाने के लिये नेपाल सरकार की रणनैतिक योजना के बारे में चर्चा करते हुये उसी अनुसार विभिन्न क्रियाकलापें सञ्चालन करते आ रही है जानकारी कराये थे।उन्हों ने क्षयरोग निवारण के विभिन्न उपायों के बारे में भी महत्वपूर्ण धारणा रक्खा था ।वह कार्यक्रम में सहभागियों की ओर से रक्खा गया जिज्ञासाएँ की जवाफ कार्यक्रम के स्रोत व्यक्ति नेपालगन्ज उप-महानगरपालिका स्वास्थ्य महाशाखा के टि.बी. फोकल पर्सन स्वास्थ्य अधिकृत विनोद कुमार वि.क.ने दिया था।नेपाल क्षयरोग निवारण संस्था केन्द्रीय समिति के सदस्य एवं प्रमुख अतिथि रचना श्रेष्ठ ने क्षयरोग निवारण के लिये इसी प्रकार की कार्यक्रम विभिन्न जिला शाखा मार्फत संचालन हो रही है बताया। वह कार्यक्रम में शिक्षकों के ओर से नारायाण उच्च माध्यमिक विद्यालय नेपालगन्ज के शिक्षक कमलराज खनाल ने अपनी विचार व्यक्त किया था। नेपाल क्षयरोग निवारण संस्था बाँके शाखा के प्रवक्ता प्रहलाद विश्वकर्मा ने स्वागत मन्तव्य ब्यक्त किया था। कार्यक्रम में करीब तीन दर्जन शिक्षक, शिक्षिकाएँ की सहभागिता रही थी।

# सीडीओ व सीआरओ ने ग्राम पंचायत भदौलीचक व ककरा नेवादा का किया भ्रमण

- 07 दिवस में शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए कार्मिकों को दिये निर्देश
- फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए कृषकों को किया जागरूक

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। जिले के समस्त असंतृप्त कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री से आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा व उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा के साथ तहसील व ब्लाक पयागपुर की ग्राम पंचायत भदौलीचक व ब्लाक चित्तौरा की ग्राम पंचायत ककरा नेवादा पहुंचकर कृषकों से वार्ता कर फार्मर रजिस्ट्री के लिए जागरूक किया। सीडीओ श्री धनवंता व सीआरओ श्री दुबे ने उपस्थित किसानों को बताया कि शासन द्वारा समस्त सरकारी लाभ जैसे खाद, बीज पेस्टिसाइड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। सीडीओ ने कृषकों से अपील की कि जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री करवा लें। सीडीओ श्री धनवंता ने ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले कृषि विभाग के समस्त प्राविधिक सहायक ग्रुप सी, एटीएम और बीटीएम, राजस्व लेखपाल, सेक्रेटरी, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक सहित सभी सम्बन्धित कार्मिकों को निर्देश दिया कि वह 07 दिवस के अंदर अपने अपने ग्रामों के समस्त किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनवाना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने कहा कि 07 दिनों के उपरान्त यदि समीक्षा में पाया जाता है कि किसी ग्राम पंचायत में कार्य पूर्ण नहीं है तो सम्बन्धित की जिम्मेदारी तक करते हुए कार्रवाई की जायेगी। सीडीओ ने एसडीएम, बीडीओ एवं तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि निरन्तरता के साथ फार्मर रजिस्ट्री कार्य का पर्यवेक्षण करते रहें।

# घास काटने गई महिला को बाघ ने हमला कर उतारा मौत के घाट

**कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा की घटना**

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा क्षेत्र के अंतर्गत अमृतपुर पुरैना निवासी रीता देवी पत्नी सुभाष चंद्र उम्र 45 वर्ष सोमवार को सुबह 10 बजे के आसपास अपने खेत में काम कर रही थी इसी दौरान जंगल से निकले बाघ ने महिला पर हमला कर दिया और गर्दन दबोच कर झाड़ियां में खींच ले गया बाघ के हमले से महिला की मौत हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने महिला के शव को उठाया और पुलिस तथा वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली मुर्तिहा की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई। वही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच विभिन्न पहलुओं की जांच की और पीड़ित परिवार से मिलकर दस हजार रुपए की तत्काल अहेतुक सहायता राशि प्रदान की। दिन दहाड़े के बाघ के हमले से हुई महिला की मौत के बाद से ग्रामीणों में दहशत है ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वही प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि महिला जलौनी लकड़ी लेने जंगल गई थी जहां पर लाश मिली है उसी के कुछ दूरी पर लकड़ी का गट्ठर और पानी की बोतल मिली है पास में ही बाघ के पग चिन्ह मिले हैं इससे प्रतीत होता है कि महिला की मौत बाघ के हमले में हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि मौके पर वन विभाग के टीम मौजूद है लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।

# कर्मचारियों को मानदेय न मिलने से नाराज सभासदों ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रूपईडीहा, बहराइच। आदर्श नगर पंचायत रूपईडीहा के सभी निर्वाचित पन्द्रह और तीन मनोनीत सभासदों ने जिलाधिकारी बहराइच को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है। सभासदों ने कर्मचारियों के लंबित वेतन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने तथा बोर्ड बैठकों के नियमित आयोजन न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पंचायत में कार्यरत सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मियों का वेतन मार्च माह से लंबित है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कई माह से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं, जिसके कारण आम नागरिकों को आवश्यक सरकारी कार्यों में परेशानी हो रही है। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत बोर्ड की बैठकें नियमित रूप से नहीं हो रही हैं। लगभग तीन वर्षों में केवल सात बैठकें आयोजित की गई हैं, जिसके चलते नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनहित से जुड़े कई प्रस्ताव लंबित पड़े हैं। सभासदों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त मामलों की जांच कराकर कर्मचारियों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान कराया जाए, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था बहाल की जाए तथा नगर पंचायत बोर्ड की बैठकें नियमित रूप से आयोजित कराई जाएं, जिससे विकास कार्यों को गति मिल सके। ज्ञापन पर सभासद फूलमता, महिमा वर्मा, सीमा देवी, जाकिर हुसैन, मनोज प्रजापति, ध्रुवराज वर्मा, शाहिस्ता हाशमी, जान मोहम्मद, नरेंद्र मधेशिया, प्रज्ञा मधेशिया, राजकुमार गुप्ता, जहीर अहमद, रजा इमाम रिजवी, परवीन बानो, रतन कुमार अग्रवाल, पार्वती वर्मा एवं काली प्रसाद गुप्ता सहित सभी निर्वाचित एवं मनोनीत सभासदों के हस्ताक्षर हैं।ज्ञापन की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री को भी प्रेषित की गई है।

# हरिद्वार से रूपईडीहा के लिए निकला नेपाली युवक लापता

**नहीं पहुंचा रूपईडीहा, भाई ने थाने में दी गुमशुदगी की तहरीर**

**अमन लेखनी समाचार**



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा थाना पर एक नेपाली युवक के लापता होने की तहरीर उसके भाई ने देकर भाई को तलाश करने की गुहार लगाई है। युवक के भाई ने थाना रूपईडीहा में प्रार्थना पत्र देकर उसकी तलाश कराने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाल के जिला जुम्ला, प्रदेश कर्णाली-6 निवासी सुरेन्द्र बहादुर शाही ने थाना अध्यक्ष रूपईडीहा को दिए गए पत्र में बताया कि उनके भाई लोकेन्द्र शाही पुत्र बजी शाही, मोबाइल नंबर 9259695039, दिनांक 23 मई 2026 को शाम करीब 6 बजे हरिद्वार से रूपईडीहा के लिए निकले थे, लेकिन अभी तक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे हैं।परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। मामले को लेकर परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। प्रार्थी ने पुलिस से युवक की जल्द तलाश कर सुरक्षित बरामदगी की मांग की है।थाना पुलिस ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई शान्ति समिति की बैठक

**त्यौहारों को परम्परागत से ढंग से मनाये: डीएम**

**अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा**



बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शातिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ त्योहार को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित धार्मिक प्रबुद्धजनों एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहार बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षों में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही है उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न दी जाए तथा कोई भी कुबार्नी खुले में न हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रमुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो। उन्होनें कहा कि कुबार्नी के उपरांत अपशिष्ट/अवशेष पदार्थों को खुले में न डाला जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि नमाज के मुख्य मागों का स्थलीय निरीक्षण कराकर जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्यौहारों के अवसर पर नियमित जलापूर्ति के पुख्ता प्रबन्ध किये जायं। साथ ही त्यौहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था आदि सुनिश्चित करायी जाय। बकरीद त्यौहार को परम्परागत ढंग से मनाया जाय। त्यौहार में एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ मनाया जाय। यदि कोई अप्रिय बात हो तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाय ताकि उसका त्वरित समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी लोग जनपद की परम्परा को कायम रखते हुए पूर्व वर्षों की भांति आसन्न त्यौहारों को भी शान्तिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होनें विषेषकर सोशल मीडिया पर डालें गये भ्रामक फोटो और वीडियो को लाइक न करें तथा सम्बन्धित थानों व गणमान्य व संभ्रान्तजनों को इसकी सूचना से अवगत कराया जाय। आसन्न त्यौहारों के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबन्द प्रबन्ध किये गये है। बैठक में मौजूद न.पा.परि. बहराइच के पूर्व अध्यक्ष तेजे खॉ, अषोक मातनहेलिया, ब्रजमोहन मातनहेलिया, निषा षर्मा, डिम्पल जैन, दाऊ जी सोनी, कल्बे अब्बास, मौलाना इनायत उल्लाह कासमी, लड्डन नेता फखरपुर, रूमी मिंया, जफर उल्लाह खां ह्यबन्टीह्न सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए धर्मगुरूओं व संभ्रान्तजनों द्वारा साफ-सफाई, बिजली, पानी इत्यादि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, सम्बन्धित एसडीएम, अधिषाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे। बैठक के अन्त में षान्ति समिति के सदस्य रहे सुदामा मिश्रा के दिवंगत आत्मा की षान्ति के लिए दो मिनट का मौन भी धारण किया गया।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी ने निकाली साइकिल रैली

**फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का 75वां संस्करण**

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। एसएसबी 59वीं वाहिनी मुख्यालय (अग्गैया) से कोदरैला गांव तक रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसबी जवानों ने साइकिल से यात्रा कर लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। फिट इंडिया मूवमेंट के संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के 75वें संस्करण में कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में एसएसबी जवानों ने साइकिल यात्रा निकाली। इस दौरान कमांडेंट ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज एवं सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। फिट इंडिया मूवमेंट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रवास है। रैली के समापन अवसर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए श्री रमोला नें साइकलिंग से होने वाली शारीरिक को मानसिक लाभो पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं फिट इंडिया के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक नई प्रेरणा दी।

# महिला ने फंदे से झूल कर ली आत्महत्या, जांच में जुटा महकमा

**अमन लेखनी समाचार**



शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत पिपरिया में सोमवार सुबह एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों ने प्रातः 5 बजे साधना देवी का शव देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक साधना देवी का विवाह करीब 15 वर्ष पूर्व पिपरिया निवासी अनिल कुमार पुत्र राम शंकर शुक्ला के साथ हुआ था। पति अनिल कुमार ने बताया कि रविवार शाम भोजन को लेकर पति-पत्नी के बीच मामूली कहासुनी हुई थी। साधना के पिता दिलीप कुमार, जो लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना अंतर्गत हवा गांव के निवासी हैं, ने अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित थाने में सूचना दी है।सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की संवैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मौके पर खैरीघाट पुलिस बल मौजूद है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**सुसाइड नोट में लिखा- सृष्टि गुड बाय, सो सॉरी, बात करने से मना किया था**

**अमन लेखनी समाचार**

प्रतापगढ़ , विवेक नगर मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें 'सृष्टि गुड बाय, सो सॉरी' लिखा है। प्रारंभिक जांच में यह प्रेम प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, युवक ने अपने कमरे में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाई। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की पहचान शिवा शुक्ला (22) के रूप में हुई है। वह लालगंज थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का मूल निवासी था। वह नगर कोतवाली क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में काम करता था और विवेक नगर में किराए के कमरे में रहता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। युवक एक युवती से प्रेम करता था



और उससे बात करने का दबाव बना रहा था, लेकिन युवती उससे बात नहीं करना चाहती थी। पुलिस को मौके से एक डायरी भी मिली है, जिसमें 'सृष्टि यादव' का नाम लिखा है। युवक ने आत्महत्या से पहले डायरी में ₹सृष्टि गुड बाय, सो सॉरी₹ लिखा था। फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं पर गौर किया जा रहा है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद प्रतापगढ़ पहुंचे, गौ संरक्षण का आह्वान किया

**सनातन धर्म की रक्षा और गाय को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ , शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का प्रतापगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। रायबरेली-प्रतापगढ़ सीमा पर रानीगंज कैथवला से ही उनके स्वागत का क्रम शुरू हो गया। लालगंज, लीलापुर, रानीगंज अजगरा और मोहनगंज सहित कई स्थानों पर कांग्रेस कार्यकताओं, संत समाज और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। पूरे रास्ते धार्मिक नारों और जयकारों से माहौल गूंजता रहा। अपनी 'गाविष्ट गो-राष्ट्र धर्मयुद्ध यात्रा' के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने लोगों से गौ संरक्षण और सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य समाज को जागरूक कर गौ रक्षा को जनआंदोलन बनाना है। इस दौरान जगह-जगह भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। बाद में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार गौ संरक्षण के बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। उन्होंने सड़कों पर घूम रहे गौवंश का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्थिति सरकारी दावों की सच्चाई उजागर करती है।

## संक्षेप

### बावली में तालाब खुदाई में अनियमितता का आरोप

#### ग्रामीणों ने डीएम से की जांच और कार्रवाई की मांग, मिला आश्वासन

बागपत , जिले के बावली गांव में तालाब खुदाई कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला पंचायत द्वारा खसरा संख्या 1360 में कराए गए इस कार्य में भारी गड़बड़ी हुई है और स्वीकृत क्षेत्रफल से कम खुदाई की गई है। स्वीकृत क्षेत्रफल से कम खुदाई शिकायत के अनुसार, 1.1930 हेक्टेयर दर्ज भूमि पर तालाब की खुदाई स्वीकृत क्षेत्रफल के अनुसार पूरी नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कार्य शुरू होने से पूर्व राजस्व विभाग और लेखपाल द्वारा सीमांकन किया गया था, लेकिन वास्तविक खुदाई निर्धारित सीमाओं से अलग की गई। खुदाई निर्धारित सीमाओं से अलग ग्रामीणों का दावा है कि संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया और अधूरा कार्य दिखाकर भुगतान कर दिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई स्थानों पर सीमांकन के विपरीत खुदाई की गई, जिससे ग्राम समाज की भूमि को नुकसान पहुंचा है ।ग्राम समाज की भूमि को नुकसान ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी से खसरा संख्या 1360 की दोबारा सरकारी पैमाइश कराने और राजस्व विभाग की मौजूदगी में पुनः सीमांकन करने की मांग की है ।दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांगग्रामीणों ने यह भी कहा है कि तालाब की खुदाई स्वीकृत 1.1930 हेक्टेयर क्षेत्रफल तक पूरी कराई जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कार्य आदेश, माप पुस्तिका (एमबी), भुगतान विवरण और अन्य सरकारी अभिलेखों की भी जांच कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने दिया आश्वासन ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार रोकने और ग्राम समाज की भूमि को सुरक्षित रखने के लिए पूरे मामले में पारदर्शिता बरतने पर जोर दिया। जिलाधिकारी अस्मितलाल ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पुलिस-बदमाशों की मुठभेड़, चार गिरफ्तार

#### लूट की योजना बना रहे थे, एक के पैर में गोली लगी

बागपत ,पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। ये बदमाश लूट की योजना बना रहे थे। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। यह घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बड़ौत कोताना लुहारी रोड पर हुई ।पुलिस अधीक्षक बागपत, सूरज राय के निर्देश पर चेकिंग अभियान चल रहा था। पुलिस ने एक सफेद स्विफ्ट कार को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। घेराबंदी के बाद बदमाशों ने गाड़ी से उतरकर भागने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस की गोली लगने से सहारनपुर निवासी संजीव घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके तीन अन्य साथियों, बड़ौत निवासी दीपांशु पुत्र सत्येंद्र, खेड़ा हटाना निवासी अकुल पुत्र सुभाष और शामली निवासी सागर पुत्र अजय को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक स्विफ्ट कार और दो नंबर प्लेट बरामद की गई हैं।

# पादरी ने प्रिंसिपल से किया गैंगरेप

## बेटे और सेक्रेटरी ने भी दिया साथ; बोली- नौकरी का डर दिखाकर किया गंदा काम

**अमन लेखनी समाचार**


सचिव राकेश चत्री, आरोपी

प्रयागराज , स्कूल प्रिंसिपल से गैंगरेप का मामला सामने आया है। संस्था डायसिस ऑफ लखनऊ के अंतर्गत स्कूल चलता है। प्रिंसिपल ने बताया- संस्था के चेयरमैन, उनके बेटे और सेक्रेटरी ने नौकरी से निकालने का डर दिखाकर मेरे साथ गंदा काम किया। विरोध करने पर गालियां और जान से मारने की धमकी दी। इन लोगों ने यह भी कहा कि तुम मेरे ऊपर के अधिकारियों को भी संतुष्ट करो, तभी तुम्हारी नौकरी बचेगी। नौकरी जाने के डर से मैंने इस बारे में किसी नहीं बताया। इस मामले में मेरा पूर्व पति भी शामिल है। जब मुझसे यह सब सहन नहीं हुआ, तब मैंने कर्नलगंज थाने में शिकायत शिकायत की। प्रिंसिपल ने 23 मई को बिशप मॉरिस एडगर दान, उनके बेटे एलन दान, सेक्रेटरी राकेश चत्री समेत 4 लोगों पर कर्नलगंज थाने में ऋकफ दर्ज कराई है। महिला मूलरूप से बिहार की रहने वाली है। करीब 15 साल पहले वह प्रयागराज आईं। यहां कटरा के एक स्कूल उन्हें हेडमिस्ट्रेस बनाया गया। तब से वह यहीं काम कर रही हैं। यह स्कूल चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के लखनऊ डायसिस बिशप के अंतर्गत आता है। महिला ने 2 साल पहले अपने पति से तलाक ले लिया था। प्रिंसिपल बताती हैं- मैं तलाकशुदा महिला हूं। डायसिसयन एजुकेशन बोर्ड की ओर से चल रहे एक स्कूल में प्रिंसिपल हूं। संस्था के सचिव राकेश चत्री, चेयरमैन मॉरिस एडगर दान और उनका बेटा एलन दान मुझे एक साल से लगातार परेशान कर रहे हैं। वे लोग मेरे तलाकशुदा होने का नाजायज फायदा उठाकर मुझे अपने ऑफिसों में बुलाकर गंदी नीयत से छूते हैं और गंदा काम करते हैं। धमकी देते हैं कि अगर तुम मेरी बात नहीं मानोगी और ये बात किसी को बताओगी, तो तुम्हें नौकरी से निकाल देंगे।

### मुझसे कहते हैं कि अधिकारियों को संतुष्ट करो

नौकरी जाने के डर से मैंने इनकी हरकतों के बारे में किसी को नहीं बताया। इन लोगों ने यह भी कहा कि तुम मेरे ऊपर के अधिकारियों को संतुष्ट करो।

# मोबाइल स्नैचरों ने पीएचडी छात्र को गोली मारी

## छिनैती के बाद पीछा करने पर वारदात, जांघ में लगी गोली

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज , कर्नलगंज में बाइक सवार मोबाइल स्नैचरों ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के एक पीएचडी छात्र को गोली मार दी। बदमाश एक छात्र का मोबाइल छीनकर भाग रहे थे। पीछा कर रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने फायरिंग कर दी। गोली छात्र की जांघ में लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए बेली अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि पुलिस ने अभी फायरिंग की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच की जा रही है। पंत हॉस्टल के पास घटना पीड़ित छात्र मिथिलेश कुमार (24) इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहा है और चैथम लाइन मोहल्ले में पंत हॉस्टल में रहता है। उसके मुताबिक शनिवार रात करीब 10:30 बजे वह अपने साथियों के साथ खाना खाने के बाद टहल रहा था। इसी दौरान वनस्पति अनुसंधान केंद्र, सलोरी ओवरब्रिज के पास बाइक सवार दो बदमाश एक छात्र का मोबाइल छीनकर पंत हॉस्टल की ओर भागने लगे। मोबाइल जिस छात्र का छीना गया, वह अंबेडकर हॉस्टल का रहने वाला बताया गया है। पीछे बैठे बदमाश ने दागा फायर मोबाइल छिनने के बाद पीड़ित छात्र शोर मचाते हुए बदमाशों के पीछे दौड़ा। आवाज सुनकर मिथिलेश ने भी बदमाशों को रोकने की कोशिश की। आरोप है कि तभी बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने असलहा निकालकर फायरिंग कर दी। गोली मिथिलेश की जांघ में लगी और वह सड़क पर गिर पड़ा। वारदात के बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। छात्र बोले- आए दिन होती है घटनाएं घटना की जानकारी मिलते ही हॉस्टल के अन्य छात्र मौके पर पहुंच गए। सूचना पर चौकी पुलिस भी पहुंची, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला। साथी छात्र घायल मिथिलेश को इलाज के लिए बेली अस्पताल ले गए, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। उधर घटना से नाराज छात्रों ने विरोध भी जताया। आरोप लगाया कि यहां आए दिन लूट, छिनैती की घटनाएं हो रही हैं। थाना प्रभारी बोले- चल रही है जांच उधर मिथिलेश का आरोप है कि घटना के दो दिन बाद भी कर्नलगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया और न ही हमलावरों की पहचान कर सकी है।

# बिजली कटौती से परेशान जनता ने घेरा महापौर का घर

### आधी रात सड़क पर जनता के बीच आए भाजपा मेयर

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, मेरठ में भीषण गर्मी में हो रही बेतहाशा बिजली कटौती से जनता परेशान है। रात को तापमान 40डिग्री से पार था। ऐसे में गंगानगर में पिछले 2 दिनों से बिजली नहीं थी। सोने के समय पर लोगों को बिजली नहीं मिली। बिजली गुल और गर्मी से परेशान लोगों ने गुरुवार देर रात ही भाजपा से मेयर हरिकांत अहलूवालिया के घर का घेराव कर दिया। क्षेत्रीय नागरिक एकजुट होकर मेयर हरिकांत अहलूवालिया के आवास पर पहुंचे। जनता मेयर के घर के बाहर ही धरने पर बैठ गई। इसे देखकर महापौर को घर के बाहर आना पड़ा। मेयर के सामने जनता ने काफी हंगामा, प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि मेयर खुद बिजलीघर पर हमारे साथ आगे-आगे चलें हम पीछे चलेंगे। लगभग एक घंटे तक ये प्रदर्शन होता रहा। जब अफसरों से बात करके भी बिजली समस्या का हल नहीं निकला तो मेयर खुद जनता के साथ बिजलीघर पर पहुंचे। बिजलीघर पर मेयर ने जनता के साथ लगभग तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। इनवर्टर भी हुए खत्म गंगानगर निवासी लगातार बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। घरों में बिजली न होने के कारण इनवर्टर भी काम करना बंद कर चुके हैं, जिससे गर्मी और उमस के कारण कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। बिजली संकट से त्रस्त होकर, स्थानीय लोग देर रात मेरठ के मेयर हरिकांत अहलूवालिया के घर के बाहर जमा हो गए और धरना शुरू कर दिया। मेयर ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके साथ मिलकर स्थानीय बिजली घर पहुंचे।

# माधवपुरम चौकी के पास एंटीकरप्शन टीम का छापा

## 50 हजार की रिश्वत लेते दरोगा का साथी रंगेहाथों पकड़ा, दरोगा मौके से फरार, साथी की थाने में बिगड़ी तबियत

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ , थाना ब्रहमपुरी क्षेत्र में माधवपुरम पुलिस चौकी के पीछे से एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते हुए एक व्यक्ति को अरेस्ट किया है। पकड़े गए व्यक्ति का नाम गौरव बताया जा रहा है। जो किसी दरोगा के नाम पर रिश्वत की रकम लेने आया था ।तभी पीड़िता की शिकायत पर पहले से ताक लगाए बैठी एंटी करप्शन की टीम ने अचानक धावा बोल दिया। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने दरोगा का नाम लेकर पीड़िता से रकम पकड़ी तुरंत एंटी करप्शन की टीम ने उसे दबोच लिया। एंटी करप्शन टीम ने माधवपुरम चौकी के पीछे खड़ी कार में एक व्यक्ति बैठा था। जिसका नाम गौरव गर्ग बताया जा रहा है। यही गौरव गर्ग ब्रहमपुरी थाने में तैनात दरोगा वैभव कुमार के लिए रिश्वत की रकम लेने गया था। वहीं टीम गौरव को लेकर टीपी नगर थाने गई है। जहां उसके खिलाफ मुकदमा लिखा जा रहा है। वहीं जिस दरोगा ने रिश्वत मंगवाई उसका नाम वैभव है जो 2023 बैच का दरोगा है। पीड़िता का नाम फरहीन है, जिससे दरोगा ने रिश्वत मांगी थी। बताया जा रहा है कि थाना ब्रह्मपुरी के सब-इंस्पेक्टर वैभव कुमार ने ये रिश्वत मांगी थी। रिश्वत मुकदमे की चार्जशीट सीओ कार्यालय से पास कराकर कोर्ट में दाखिल कराने के एवज में मांगी जा रही थी। पीड़िता ने इसकी शिकायत कर दी। तब एंटी करप्शन की टीम ने माधवपुरम चौकी के पीछे ट्रैप कार्रवाई कर इनको पकड़ लिया। मामले में थाना टीपी नगर में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरव गर्ग मधुवन कालोनी निवासी बताया जा रहा है जो कपड़ों, किताबों का कारोबारी है। थाने पर बिगड़ी गौरव गर्ग की तबियतमेरठ के थाना ब्रहमपुरी में एंटी करप्शन की टीम ने गौरव गर्ग को पकड़ा है। फरहीन से पैसे लेने आ रहे थे। टीम ने जिस गौरव गर्ग को पकड़ा फिर उसे टीपी नगर थाने लाया गया। टीपीनगर थाने पर अचानक ही गौरव गर्ग की तबियत बिगड़ गई। गौरव बेहोश हो गया। थाने के पुलिसकर्मियों और एंटी करप्शन टीम के लोगों ने उसे उठाया। तुरंत गौरव के हाथ पैर सहलाए। उसे पानी पिलाने का ट्राय किया लेकिन उसने पानी भी नहीं पिया। ये सब देखकर पुलिसकर्मी और टीम के लोग भी घबरा गए। तुरंत एंबुलेंस बुलाने की बात होने लगी। टीम खुद ही गौरव को लेकर केएमसी अस्पताल पहुंची जहां उसे भर्ती कराया गया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि एग्जर्शन की के कारण गौरव बेहोश हो गया।

# व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कार में शव मिला

### घर से कुछही दूरी पर खड़ी थी कार, दम घुटना मानी जा रही वजह

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , नौचंदी थाना क्षेत्र में मिठाई व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। व्यापारी का शव उसी की कार में पिछली सीट पर मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी भिजवा दिया। परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। दम घुटना मौत की वजह माना जा रहा है। शास्त्रीनगर निवासी हिमांशु कौशिक मिठाई का कारोबार करते हैं। उनकी शास्त्रीनगर में ही दुकान है। सुबह हर रोज की तरह वह अपनी कार से दुकान के लिए निकले लेकिन दुकान पर नहीं पहुंचे। परेशान होकर हिमांशु के परिजन उन्हें ढूंढने निकले। आवास विकास चौराहे के निकट कार खड़ी देख वह हैरान रह गए। पास जाकर देखा तो हिमांशु पिछली सीट पर बेसुध पड़े थे। शीशा तोड़कर कार को खोला गया हिमांशु को बेसुध देख परिजनों ने शोर मचा दिया। आस पास के लोग एकत्र हो गए। कार अंदर से लॉक थी, जिस कारण परिवार ने शीशा तोड़ने का मन बना लिया। शीशा तोड़कर हिमांशु को देखा तो मौत हो चुकी थी। इसके बार परिवार में कोहराम मच गया। सीओ ने पहुंचकर की परिवार से पूछताछ कार में शव मिलने की सूचना पाकर सीओ सिविल लाइन शुचिता सिंह मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस को कार के भीतर से शराब की बोतल व अन्य सामान मिला है। आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी में हिमांशु ने ड्रिंक की। नशा इतना हो गया कि अंदर ही सो गए। दम घुटने से उनकी मौत हो गई ।पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवाया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। एसएचओ अनूप सिंह का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# फ्लैट में दो बुजुर्गों के शव मिले

## मौत के कारणों का नहीं चला पता, पोस्टमार्टम से खुलेंगे मौत के राज

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद , शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र स्थित डीएलएफ कॉलोनी में एक फ्लैट में दो बुजुर्गों के शव मिले। लोगों ने इसकी सूचना शालीमार गार्डन थाना पुलिस को दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। उसके बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों की मौत कैसे हुई, इसका पता नहीं चल सका है। मौके पर डॉग स्कवाएड और फोरेंसिक टीम भी पहुंची।

### एक ही फ्लैट में रहते थे दोनों

मरने वाले दोनों की पहचान 74 साल के राकेश शर्मा और 60 साल नेम सिंह के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में पता चला है कि दोनों एक ही फ्लैट में रहते थे। राकेश शर्मा लंबे समय से बीमार थे और उनकी देखभाल नेम सिंह करता था। बताया जा रहा है कि नेम सिंह राकेश शर्मा का ऑटो भी चलाता था। पड़ोस में रहने वाले सुनील ने पुलिस को बताया कि फ्लैट से पिछले कई दिनों से कोई गतिविधि नजर नहीं आ रही थी। सुबह जब पड़ोसियों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे के अंदर दोनों के शव पड़े हुए पाए। आशंका जताई जा रही है कि दोनों की मौत करीब दो से तीन दिन पहले हुई होगी ।अकेले रहने थे दोनों घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी धवल जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली थी।

जांच के दौरान दोनों शवों पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। दोनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। दोनों अकेले रहते थे। कोई चोट का निशान नहीं मिला। पुलिस आसपास के लोगों से भी घटना की जानकारी कर रही है।

# एमबीए छात्रा की मौत में टीचर समेत 3 सस्पेंड

## रात 2 बजे में गर्ल्स हॉस्टल में घुसा डायरेक्टर, छात्राएं बोलीं- हमें टॉर्चर किया जा रहा

**अमन लेखनी समाचार**


अनु गुप्ता, मृतका

मेरठ ,आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में एमबीए छात्रा अनु गुप्ता की मौत मामले में छात्रावास निदेशक और 2 वार्डन को सस्पेंड कर दिया गया। तीनों ने छात्राओं से अभद्रता की थी। इसके साथ ही मामले की एक 13 सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है। यह समिति अनु गुप्ता की मौत कैसे हुई? ये सुसाइड या हत्या इसकी जांच करेगी। गुरुवार को उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला कैंपस पहुंची। अनु का कमरा देखा। कमरे की दीवार पर अनु ने लिखा था- होप। छात्राओं ने बताया अनु जीना चाहती थी, मगर यूनिवर्सिटी ने उसे मरने के लिए मजबूर कर दिया ।उसे मेंटली टॉर्चर किया जा रहा था। टीचर रात में गर्ल्स हॉस्टल में घुस आता था। अनु पर 30 हजार रुपए अटेंडेंस फीस का दबाव बनाया जा रहा था। दरअसल, 20 मई को यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल की लॉबी में अनु की डेडबॉडी पड़ी मिली थी। वह तीसरी मंजिल पर रहती थी। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए गंगानगर थाने में आईआईएमटी यूनिवर्सिटी पर सुसाइड के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया था।

### हॉस्टल के रूम नंबर- 67 में रहती थी अनु

छात्रा अनु गुप्ता आईआईएमटी के सरोजनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। उसका रूम नंबर 67 तीसरी मंजिल पर है। सुबह करीब 9.30 बजे उसका खून से लथपथ शव हॉस्टल के नीचे बने जिम के बाहर पड़ा दिखा। काम करने वाली मेड ने सबसे पहले छात्रा की डेडबॉडी देखी। उसने अन्य छात्राओं को बताया। छात्राओं ने इसकी जानकारी कॉलेज प्रशासन को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद छात्रा के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। देर शाम अनु गुप्ता की मौत के बाद यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स भड़क गए। बुधवार रात को सभी ने यूनिवर्सिटी गेट पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात भर स्टूडेंट्स वहीं धरनास्थल पर डटे रहे। सुबह 10 बजे वीसी डॉ. दीपा शर्मा सीओ सदर देहात सुधीर सिंह ने मौके पर पहुंचे। छात्रों को शांत कराया। इसके बाद छात्र नेताओं व विवि प्रशासन के बीच करीब एक घंटे बात हुई। सुबह 11:30 बजे धरना खत्म कर दिया गया। इसके बाद छात्रा अनु गुप्ता के पिता ने यूनिवर्सिटी मुकदमा दर्ज कराया। फिर शव लेकर सहारनपुर लौट गए, जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। सहारनपुर निवासी ओमकार गोयल ने अपनी तहरीर में लिखा- मेरी बेटी अनु गोयल मेरठ के गंगानगर स्थित ककटळ यूनिवर्सिटी में टइअ सेकेंड ईयर, फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा थी। 20 मई 2026 को हमें कॉलेज की ओर से सूचना मिली कि हमारी बेटी ने सुसाइड कर लिया है। मेरी बेटी पढ़ाई में काफी अच्छी थी। कॉलेज प्रशासन ने उस पर मानसिक दबाव बनाया और उसका उत्पीड़न किया, जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया। उन्होंने आगे लिखा- मेरी बेटी की मौत के सही कारणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# ग्रेटर नोएडा में एनपीसीएल कर्मचारियों-ग्रामीणों में मारपीट

### फॉल्ट ठीक करने गए थे, बिजली चोरी की शिकायत पर जांच करने लगे, लोगों ने किया विरोध

**अमन लेखनी समाचार**



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के चौगानपुर गांव में एनपीसीएल कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच जमकर मारपीट हुई। यह घटना हुई । दरअसल, ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के चौगानपुर गांव में एनपीसीएल के कर्मचारी अत्यधिक गर्मी के कारण बिजली के फॉल्ट को ठीक करने गए थे। इस दौरान उन्हें अवैध विद्युत कनेक्शन और कम किलोवाट के कनेक्शन पर अधिक बिजली खपत की शिकायतें मिलीं। जब कर्मचारी इसकी जांच करने पहुंचे, तो कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और उन पर झूठे आरोप लगाए। इसी बात पर एनपीसीएल कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इस दौरान लात-घूंसे चले और ईंट-पत्थर भी फेंके गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

# ग्रेटर नोएडा में विवाहिता की संदिग्ध मौत

## मायके वालों ने पति और ससुराल वालों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर प्रताड़ना, मारपीट और परेशान करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि विवाहिता ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पूरा मामला पुलिस को दी शिकायत में मृतका के पिता राकेश सिंह ने बताया कि उनकी बेटी सोनिका भाटी ने 14 अगस्त 2015 को कासना थाना क्षेत्र के चीरसी निवासी सुभाष शर्मा से प्रेम विवाह किया था। सोनिका मूल रूप से बुलंदशहर के कमालपुर गांव की रहने वाली थी ।पिता के अनुसार, शादी के बाद से ही ससुराल वाले सोनिका को लगातार परेशान कर रहे थे और उसके साथ मारपीट की जाती थी। सोनिका ने कई बार फोन पर अपने पिता को बताया था कि उसका पति सुभाष और अन्य लोग उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। इस मामले में पहले भी कई बार पुलिस से शिकायत की गई थी। राकेश सिंह ने बताया कि सुबह उनकी बेटी ने उन्हें फोन कर बताया कि उसके पति और ससुराल वालों ने उसे बहुत मारा-पीटा और परेशान किया है, जिससे वह अपनी जिंदगी से तंग आ चुकी है। पिता ने उसे समझाने की कोशिश की। इसके बाद 21 मई को सोनिका के पति ने राकेश सिंह को फोन कर बताया कि उनकी बेटी को कुछ हो गया है और वह आईसीयू में भर्ती है, इसलिए वे अस्पताल आ जाएं। जब वे जीआईएमएस अस्पताल पहुंचे, तो सोनिका मृत पाई गई। डॉक्टरों ने बताया कि किसी जहरीले पदार्थ के सेवन के कारण उसकी मौत हुई है।

# श्रमिक आंदोलन में शामिल ड्राइवर गिरफ्तार

## किराए पर रहता था, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट शेयर करने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा , थाना फेस-2 पुलिस ने श्रमिक आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर कथित भड़काऊ पोस्ट और वीडियो शेयर करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 20 मई 2026 को गोपनीय सूचना के आधार पर मदरसन कंपनी के पीछे स्थित हनुमान मंदिर के पास से आरोपी अनिल कुमार को पकड़ा गया। वह मूल रूप से हापुड़ जिले के बाबूगढ़ छावनी क्षेत्र के मुक्तेशरा गांव का रहने वाला है और फिलहाल नोएडा फेस-2 के नया गांव में किराये पर रह रहा था। सोशल मीडिया पर किए गए दावों को पुलिस ने बताया गलतजांच में सामने आया कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट और वीडियो वायरल किए जा रहे थे। इनमें दावा किया गया था कि अनिल कुमार यूपी पुलिस के एक डीसीपी का ड्राइवर है और उसे श्रमिक आंदोलन में हिंसा फैलाने के लिए शामिल किया गया। पुलिस ने इन दावों को गलत बताया है। पुलिस का कहना है कि अनिल कुमार किसी भी पुलिस अधिकारी का ड्राइवर नहीं है और न ही वह सरकारी कर्मचारी है। पहले कंपनी में कर चुका है कामपुलिस के मुताबिक आरोपी दिल्ली की एक निजी संस्था में ड्राइवर का काम करता है। उसका वर्तमान में रिचा ग्लोबल कंपनी से कोई संबंध नहीं है। हालांकि वह करीब दो साल पहले इस कंपनी में काम कर चुका है। सोशल मीडिया ग्रुप को लेकर भी जांच पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी को रिचा ग्लोबल के सोशल मीडिया ग्रुप में पुलिस ने नहीं, बल्कि आंदोलन से जुड़े एक अन्य व्यक्ति ने जोड़ा था।

## बाइक के साइलेन्सर से पटाखा बजाने को लेकर विवाद ,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के कुरौनी गांव में बाइक के साइलेन्सर से पटाखा बजाने को लेकर विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है।इस मामले में बंथरा के कुरौनी गांव निवासी सुमित रावत ने गांव के ही विमल, कमल, चमन और सौरभ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।सुमित रावत का आरोप है कि विमल, कमल, चमन और सौरभ आए दिन बाइक के साइलेंसर से तेज आवाज में पटाखा बजाते हुए निकलते हैं। आरोप है कि रविवार सुबह करीब 9:30 बजे विमल अपनी अवेंजर बाइक से पटाखा बजाते हुए निकला और विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी।इसके बाद आरोपियों ने हाथापाई के साथ मारपीट भी की। इस मारपीट में पप्पू, गुड्डू, जगरूप और अनीता घायल हो गए। बताया गया कि घटना के दौरान गुड्डू बेहोश होकर गिर पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हर पीड़ित को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता — केशव प्रसाद मौर्य

## जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुनी जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ल केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, लखनऊ में आयोजित ह्यजनता दर्शनह्व कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांगजन एवं युवा उपस्थित रहे। लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा पीड़ितों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि ह्यजनता दर्शनह्व सरकार और आमजन के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है, जिससे वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है और उनका त्वरित समाधान संभव हो पाता है। श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी



योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी फरियादी निराश नहीं लौटेगा और प्रत्येक समस्या का हरसंभव समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि ऐसा समाधान किया जाए, जिससे पीड़ित व्यक्ति पूरी तरह संतुष्ट हो तथा उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए श्री मौर्य ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न एवं अवैध कब्जों के मामलों में आवश्यकता पड़ने पर कठोर कार्रवाई भी की जाए।

मथुरा की राजकुमारी, जौनपुर के सुरेश चन्द्र मिश्रा व इटावा के सुधीर सिंह के जमीनी विवाद के सम्बन्ध मे उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित जिलाधिकारियो को निर्देश दिये कि वह राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करायें।शाहजहांपुर के श्री नीरज ने प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी के अन्तर्गत आवास दिलाने का अनुरोध किया, बहराइच श्रीमती विद्दा ने चकबन्दी से सम्बन्धित प्रकरण के निस्तारण का अनुरोध किया। लखनऊ के राम बहादुर अग्निहोत्री ने कैन्सर से पीड़ित अपनी पुत्री के इलाज हेतु मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता दिलाने का अनुरोध किया।मैनपुरी के अरविन्द कुमार, सम्भल की रोनवती, चन्दौली के शिवाजी मौर्य, हापुड़ के आनन्द सैनी, औरैया के कृष्णदेव व कानपुर देहात के श्री गंगाराम ने अपनी समस्यायें रखी। उप मुख्यमंत्री स्वयं फरियादियो के पास चलकर गये और उनसे सीधे संवाद करते हुये समस्यायें सुनी और सम्बंधित अधिकारियो को समस्यायें निस्तारित करने के निर्देश दिये। जनता दर्शन मे दो दर्जन से अधिक कई सैकड़ा लोगो ने अपनी समस्यायें रखीं उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेही के साथ होना चाहिए, ताकि आमजन का शासन और प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के जिलाधिकारियों व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की व समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

## कार ने बाइक में टक्कर ,बाइक सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम तेज रफ्तार कार ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी।जिससे बाइक सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मानक नगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर निवासी विजय कुमार (56) रविवार शाम करीब 7 बजे बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी गांव में अपना प्लाट देखकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी बंगला बाजार - बिजनौर रोड पर गुड़ौरा के सामने मनीष गेट के पास तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने सामने से उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी।जिससे बाइक सवार विजय बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए कार चालक को पकड़ कर कार सहित पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## हरदोई के नंदा खेड़ा गांव में भीषण अग्निकांड, 10 घर जलकर राख, दो भैंस समेत चार बकरियों की मौत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र के नंदा खेड़ा गांव में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गांव के करीब 10 घरों को अपनी चपेट में ले लिया।हादसे में दो भैंसों समेत चार बकरियों की जलकर मौत हो गई, जबकि कई परिवारों की गृहस्थी और अनाज पूरी तरह राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। अग्निकांड में लगभग 28 कुंतल धान सहित बड़ी मात्रा में गेहूं, सरसों और घरेलू सामान जल गया। सबसे अधिक नुकसान विशंभर पुत्र ठकुरी को हुआ।उनके घर में रखा करीब 5 कुंतल गेहूं, 4 कुंतल धान, 5 कुंतल सरसों, बोरिंग का सामान, मोटर, दो



साइकिलें, इलेक्ट्रिक उपकरण और पूरा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।परिवार के सामने खाने-पीने तक का संकट खड़ा हो गया है। रामजीवन पुत्र सत्तू का मकान भी पूरी तरह आग की भेंट चढ़ गया।उनके घर में रखा लगभग 7 कुंतल गेहूं, 4 बोरी सरसों, 3 बोरी धान, पंपिंग सेट मशीन और घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। अनुज पुत्र चंदन की दो बकरियां, पंपिंग सेट मशीन, ठेलिया और चारपाई आग में जल गई।वहीं शिवपाल पुत्र कल्लू की दो भैंसें गंभीर रूप से झुलस गईं और उनकी दो बकरियों की मौत हो गई।इसके अलावा तख्त, गेहूं, चोकर, कई कुंतल आलू, भूसा, साइकिल, रजाई-गद्दा समेत अन्य सामान भी नष्ट हो गया। प्रमोद कुमार पुत्र शिवपाल का गृहस्थी का सामान, हरिश्चंद्र पुत्र शिवपाल का बंगला और छप्पर तथा संतोष का छप्पर, कपड़े और अन्य सामान भी आग की चपेट में आकर जल गया। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग के लेखपाल आदित्य कुमार मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया।पशुपालन विभाग के डॉ. सचिन कुमार ने झुलसे पशुओं का उपचार किया। वहीं कासिमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

## गोरखपुर एयरपोर्ट पर लगा आयुष्मान आरोग्य शिविर, उप महानिदेशक ने किया उद्घाटन

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की गोरखपुर इकाई और स्वास्थ्य विभाग ने किया आयोजन**

**एम्स गोरखपुर और इंडिगो एयरलाइन की मदद से लगे शिविर में मिला सेहत का वरदान**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जिले में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की गोरखपुर इकाई और स्वास्थ्य विबाग के सहयोग से गोरखपुर एयरपोर्ट पर बृहस्पतिवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। एम्स गोरखपुर की टीम और इंडिगो एयरलाइन की मदद से लगे इस शिविर में सैकड़ों लोगों को सेहत का वरदान मिला।शिविर का उद्घाटन सेंट्रल टीबी डिवीजन में उप महानिदेशक डॉ शोबिनी राजन ने किया।इस अवसर पर एयरपोर्ट से जुड़े कर्मियों, सुरक्षाकर्मियों और यात्रियों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा दी गयी। मुख्य



चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे सौ दिवसीय अभियान के क्रम में ही एयरपोर्ट गोरखपुर पर भी आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच, एक्स-रे जांच, नेत्र जांच और पैथालॉजिकल जांच की सुविधा के साथ-साथ नये टीबी मरीज खोजने के लिए स्क्रिनिंग की गयी। लोगों को प्रचार सामग्री के जरिये टीबी के लक्षणों, उपचार, बचाव और कार्यक्रम के सभी पक्षों के बारे में जागरूक भी किया गया। एम्स गोरखपुर की मदद से एआई बेस्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से लोगों की चेस्ट जांच की गयी।झरना टोला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम और जिला क्षय रोग केन्द्र की टीम सहित स्वास्थ्य विभाग की अलग-अलग टीमों ने लोगों को शिविर के दौरान सेवाएं दी। मोबाइल मेडिकल यूनिटर (एमएमयू) के जरिये भी स्वास्थ्य जांच व परामर्श की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। सीएमओ ने बताया कि डीटीओ डॉ नंदलाल कुशवाहा और एसीएमओ (शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम) डॉ एनके द्विवेदी की शिविर के आयोजन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के सहयोग से ही पहली बार इतने व्यापक स्तर पर एयरपोर्ट गोरखपुर पर शिविर का आयोजन किया जा सका।इस कार्य में गोरखपुर एयरपोर्ट के अधिकारीगण विजय कुमार, रजत कुमार मिश्रा, उमेश चंद्र और अरविंद यादव ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर स्टेट टीबी सेल से आनंद तिवारी और विश्व स्वास्थ्य संगठन से उदित मोहन भी प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।शिवर के आयोजन में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े डीपीसी धर्मवीर प्रताप सिंह, पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्रा, मिर्जा आफताब बेग और यूपीटीएसयू की टीम ने भी विशेष योगदान दिया।

### उप महानिदेशक ने सराहा

एयरपोर्ट पर लगे शिविर में पहुंची सेंट्रल टीबी डिवीजन की उप महानिदेशक डॉ शोबिनी राजन ने जिले में चल रहे टीबी उन्मूलन के प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कैम्प के जरिये समाज के विभिन्न हितधारकों की सहभागिता की प्रशंसा की।साथ ही कार्यक्रम में आ रहे चुनौतियों के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर सीएमओ डॉ झा ने उन्हें जिले की स्वास्थ्य गतिविधियों से जुड़ी बुकलेट भी भेंट की।

## गरीबों को उजाड़ने के बाद शांत हुआ प्रशासन का बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। कस्बे के मध्य से गुजरे खूनी हाईवे की पटरी में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए दो दिन चली प्रशासनिक कार्यवाही गरीबों को उजाड़ने के बाद शांत हो गई। इस कार्यवाही के दौरान किसी भी भवन को नहीं छुआ गया है। इससे छोटे दुकानदारों में आक्रोश है।

दो दिन पूर्व एनएचएआई ने प्रशासन एवं नगर पंचायत की टीम के साथ हाईवे के मध्य से गुजरे खूनी हाईवे के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में महज टीन टप्पर वाले दुकानदारों को निशाना बनाकर कार्यवाही की गई। जबकि हाईवे किनारे तक बनी आलीशान बिल्डिंगों को नहीं छुआ गया। एनएचएआई के दुर्घटना अधिकारी सौरभ यादव ने कहा कि उन्हें अभी टीन टप्पर हटाने के निर्देश मिले है। स्थाई भवनों को हटाने के पूर्व नोटिस दिया जाएगा।इसके बाद ही कार्रवाई संभव हो सकेगी।प्रशासन की इस कार्यवाही से टीन टप्पर में रोजी-रोटी चलाने वाले दुकानदारों ने आक्रोश व्याप्त हो गया है। पीड़ित दुकानदार प्रशासन की भेदभाव वाली नीति से असंतुष्ट नजर आ रहे है।इनका कहना है कि भीषण गर्मी में धूप से बचने के लिए कोई रास्ता नहीं है।इसलिए मजबूरी में दुकान बंद करना पड़ रही है। बता दें कि अतिक्रमण हटाने के पहले नायब तहसीलदार प्रदीप निगम की मौजूदगी में मध्य सड़क से 14 मीटर में निशान लगाएं गए थे।लेकिन जब अतिक्रमण हटाने का नंबर आया तो नगर पंचायत की टीम ने सिर्फ टीन टप्पर वाले दुकानदारों को ही निशाना बनाया।ईओ दिनेश चंद्र आर्य ने बताया कि अभी अभियान जारी रहेगा।

## श्रीराम महायज्ञ में तीसरे दिन राजा परीक्षित की कथा का हुआ भावपूर्ण वर्णन

अमन लेखनी समाचार

ककरवई ।समीपस्थ चकाडोरी सरकार में चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भगवताचार्य पंडित रमाकांत व्यास ने पांडवों एवं राजा परीक्षित की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति का मजबूत होना आवश्यक है। पांडवों के शासनकाल में ये तीनों व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती थीं। उन्होंने कहा कि परिश्रम से अर्जित धन का ही दान करना चाहिए, क्योंकि अधर्म की कमाई में कलयुग का वास होता है। कथा में बताया गया कि राजा परीक्षित का जन्म अभिमन्यु और उत्तरा के गर्भ से हुआ था। अश्वत्थामा द्वारा ब्रह्मास्त्र चलाए जाने पर भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी रक्षा की थी।शमीक



ऋषि के पुत्र श्रृंगी द्वारा दिए गए श्राप के बाद राजा परीक्षित ने सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया, जिससे उनका उद्धार हुआ। वहीं यज्ञाचार्य धनंजय दास तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ यजमानों से हवन कुंड में आहुतियां डलवाईं।कथा की आरती परीक्षित अंजुलता हरिशंकर तिवारी ने की। इस अवसर पर महंत राकेश दास जी महाराज, मुख्य यजमान रमाकांत मिश्रा, महंत केशव स्किल पट्ठा, ओमप्रकाश मिश्रा, सुरेश मिश्रा, महेशचंद्र बिदुआ, हरी सिंह यादव, अरविंद्र गुप्ता, श्याम सिंह यादव, दिनेश अग्रवाल, रामकुमार उपाध्याय, विश्वनाथ यादव, प्रमोद रावत, छत्रपाल सिंह परमार, रवींद्र नायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रासबिहारी बोस की जयंती पर किये श्रद्धासुमन अर्पित

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।सुमेरपुर देशभक्तों की देश के प्रति नजरिये की दृष्टि से वर्णिता संस्था द्वारा विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने आजादी के संघर्ष के संगठन के सूरमा रासबिहारी बोस की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बोस में असि और मसि का अद्भुत संयोग था।ये प्रारम्भ से ही देशधर्मी थे। क्रांतिकारी संगठन खड़ा कर यह देश को आजाद कराने में जुट गये।ये एक अच्छे लेखक भी थे, जिन्होंने 16 पुस्तकें भी लिखी। आगे चलकर वह जापान गये जहां पर जापानी महिला से शादी कर वहां की नागरिकता भी प्राप्त कर ली।इसके बाद भी इनका दिल देश के लिए धड़कता रहा। तो बोस ने इन्डियन इन्डिपेंस लीग तथा आईएनए का गठन किया। इन्हीं के परामर्श पर



सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज का गठन कर देश की आजादी के लिये कार्य किया। कालांतर में इनका 21 जनवरी 1945 को टोक्यो जापान में निधन हो गया। इस कार्यक्रम में बाबूलाल, सागर, प्रिन्स, रिचा, भोलू सिंह, सतेन्द्र, अजय गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर अवर अभियंता निलंबित, विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई।राजधानी के उतरेठिया क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में तैनात जूनियर इंजीनियर (खए) कलीम को निलंबित कर दिया है।विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बिजली आपूर्ति व्यवस्था में लापरवाही और कार्य में शिथिलता पाए जाने पर यह कदम उठाया गया।बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र के उपभोक्ता लगातार बिजली कटौती और आपूर्ति बाधित होने की शिकायत कर रहे थे।मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच कराई गई। जांच में खए की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं पाए जाने और



लापरवाही की पुष्टि होने के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई।बिजली विभाग के अधिकारियों ने साफ कहा है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभागीय कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी जारी किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार तड़के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।उन्नाव जिले के बीघापुर थाना अंतर्गत जंगली खेड़ा मजरा हरी खेड़ा निवासी संदीप कुमार के मुताबिक वह अपने चचेरे भाई सुजीत यादव के घर अयोध्यापुरी, बिजनौर




रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास आया हुआ था।जहां घर के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया।उसका कहना है कि 24 मई रविवार तड़के करीब चार बजे जब सो कर उठा तो घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक (यूपी 35 एके 7869) चोरी हो गई।यह देखके होश उड़ गए।बाद में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो कैमरों में अज्ञात चोर बाइक ले जाते दिखाई दिए। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोरों की तलाश में जुट गई है।

## एक सप्ताह से नलकूप का ट्रांसफार्मर खराब, फसलें सूख कर हो रही खराब

अमन लेखनी समाचार

कुरारा ।विकास खंड क्षेत्र के भैंसा पाली गांव में लगे निजी नलकूप का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण किसानों की मूंग की फसलें खराब हो रही है। वही धान की नर्सरी भी तैयार करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के भैंसा पाली गांव में निजी नलकूप अशोक कुमार पुत्र राम शंकर का लगा हुआ है। इस का विद्युत अकाउंट 6582582000 है।इस नलकूप के पास में किसानों ने जायद फसल में मूंग आदि की फसल बो रखी है। इस नलकूप का विद्युत ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से खराब हो गया है।जिससे फसलों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।किसान अशोक कुमार ने बताया कि खरीफ फसल में धान की फसल के लिए नर्सरी की तैयारी चल रही है।इसके लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।जिससे नर्सरी की तैयारी नहीं हो पा रही है।इस संबंध में अवर अभियंता दयानंद ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। किसानो ने अधिशाषी अभियंता विद्युत से विद्युत ट्रांसफार्मर रखे जाने की मांग की है। ताकि समय से फसलों की सिंचाई हो सके।तथा आगामी फसलों की तैयारी की जा सके।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# दिवाली से एक हफ्ते पहले आ सकती है रामायणम

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' के मेकर्स ने एक मास्टरस्ट्रोक चला है। खबर है कि यह फिल्म अब दिवाली से एक हफ्ते पहले रिलीज हो सकती है। 30 अक्टूबर के आसपास यह सिनेमाघरों में आ सकती है। इसका कारण भी सामने आया है। वहीं, 450 करोड़ की ओटीटी डील भी चर्चा में है। नमित मल्होत्रा की 4,000 हजार करोड़ी 'रामायणम' जहां एक तरफ अपनी मोटी ओटीटी डील के कारण सुर्खियों में है, वहीं, दूसरी ओर अब इसे दिवाली से पहले रिलीज किए जाने की खबरें आ रही हैं। 'रामायणमः पार्ट 1' दिवाली के मौके पर 6 नवंबर को रिलीज होनी थी, पर अब कहा जा रहा है कि मेकर्स इसे एक हफ्ते पहले रिलीज करने के बारे में सोच रहे हैं।

लाइफ Style



# रंजना

## कान के अनुभव को बताया गर्व का पल

वागले की दुनिया फेम दिग्गज अभिनेता अंजन श्रीवास्तव की बेटी और थिएटर कलाकार रंजना अंजन इन दिनों अपनी पहली फिल्म चांद तारा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई


फिल्म में रंजना, 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार तारामती का किरदार निभा रही हैं। रंजना ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, 'तारामती एक ऐतिहासिक किरदार हैं। वह कुतुब शाही दौर की 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार थीं। जो अब्दुल्ला कुतुब शाह के दरबार से जुड़ी थीं। उनके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। इसलिए उनके स्वभाव, सोच और पर्सनालिटी को समझने के लिए मुझे काफी हद तक अपने डायरेक्टर की दृष्टि और उनकी समझ पर भरोसा करना पड़ा।' जो चीज मुझे उनसे सबसे ज्यादा जोड़ती है, वो उनकी इमोशंस हैं। समय चाहे कोई भी हो, इंसान के इमोशंस नहीं बदलते। वर्षों तक मंच पर काम करते हुए जो अनुभव और सीख मिली, वही मुझे यहां तक लेकर आई। कान जैसे बड़े मंच पर अपनी पहली फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होते देखना मेरे लिए बहुत इमोशनल और गर्व का पल था। एक पल के लिए लगा कि वर्षों की मेहनत का फल मिला है। लेकिन, दिल में आज भी यही लगता है कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक नई और खूबसूरत शुरुआत है।' रंजना ने अपने पिता अंजन श्रीवास्तव से मिली सीख के बारे में भी बात की।

हॉलीवुड मसाला




# फाइनल चैप्टर की ओर एमिली

**दिल्ली।** 'एमिली इन पेरिस' ने अपने छठे और फाइनल सीजन की घोषणा कर दी है। एक पोस्ट के साथ मेकर्स ने तय किया कि आने वाला सीजन शो का आखिरी और फाइनल सीजन होगा। 21 मई को फाइनल सीजन की शूटिंग शुरू हुई और निर्माताओं ने ग्रीस से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इसका एलान किया। ऑनलाइन वायरल हो रही तस्वीरों में कई कलाकार खूबसूरत सेट पर पहुचते नजर आए, जहां उन्होंने इस रोमांटिक कॉमेडी सीरीज के आखिरी चैप्टर की शूटिंग शुरू की।



# सिंगर दुआ ने दिग्गज टेक कंपनी पर ठोंका मुकदमा

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर दुआ लिपा ने इलेक्ट्रॉनिक्स की एक दिग्गज कंपनी पर केस ठोंका है। मामला सिंगर की एक तस्वीर के बिना अनुमति इस्तेमाल से जुड़ा है। दुआ लीपा ने कंपनी के खिलाफ लीगल एक्शन लेते हुए हर्जाने में करोड़ों रुपये मांगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'सिंगर दुआ लीपा ने टेक कंपनी सैमसंग पर 15 मिलियन डॉलर (करीब 125 करोड़ रुपए) का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने बिना उनकी अनुमति के टीवी की पैकेजिंग पर उनकी तस्वीर का इस्तेमाल किया'। शिकायत के अनुसार, दुआ लीपा ने दावा किया कि 2024 में ऑस्टिन सिटी लिमिट्स म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान ली गई उनकी एक बैकस्टेज तस्वीर का इस्तेमाल, 2025 से शुरू होने वाले सैमसंग टेलीविजन के कई मॉडलों की पैकेजिंग पर किया गया।



# एलियन थ्रिलर समुक में आएंगे नजर...

**नई दिल्ली।** भूत बंगला की कामयाबी के बाद अब अक्षय कुमार एक और थ्रिलर फिल्म के साथ बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने की तैयारी में हैं। खिलाड़ी कुमार की नई फिल्म आ रही है जो एलियन एक्शन थ्रिलर समुक है। अक्षय कुमार की आगामी फिल्म समुक भारत की पहली बड़े स्तर की एलियन थ्रिलर बताई जा रही है। फिल्म का निर्देशन सनक, इनसाइड एज और ग्लोरी जैसे प्रोजेक्ट्स बना चुके कनिष्क वर्मा करने वाले हैं, जबकि फिल्म का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने समुक का हिस्सा बनने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, "हां मैंने यह फिल्म साइन की है। समुक की कहानी और विषय मुझे बेहद दिलचस्प लगे। एलियन थ्रिलर मेरे लिए और हमारी फिल्मों के लिए बिल्कुल नया जॉनर है। मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं।



# डेविड लेंगे संन्यास करण हुए भावुक...

**नई दिल्ली।** डेविड धवन ने 6 साल बाद फिल्मों में बतौर निर्देशक वापसी की, लेकिन अब वह संन्यास लेने का मन बना चुके हैं और अपनी आखिरी फिल्म के बाद रिटायरमेंट की अनाउंस करने की योजना बना रहे हैं। इस बात का खुलासा करण जौहर ने किया है। करण ने बताया है कि डेविड ने उन्हें बताया है कि वह जल्द ही संन्यास लेने वाले हैं। करण, डेविड के रिटायरमेंट की बात पता चलने पर भावुक हो गए। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कहा, 'कल जब मैं डेविड जी के सेलिब्रेशन में गया और उन्होंने मुझे बताया कि यह उनकी आखिरी फिल्म आने वाली है। तो मेरे दिल में एक मिली-जुली सी भावना उमड़ पड़ी। सोचिए, यह एक ऐसे फिल्ममेकर हैं जो फिल्मों की एक पूरी की पूरी नई शैली बनाने के लिए जिम्मेदार हैं।

टीवी मसाला




# पहले ही टास्क में मजबूत खिलाड़ी का एविक्शन पक्का!

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शुरुआत हो गई है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में खतरनाक खेल में एक कंटेस्टेंट की बली चढ़ने वाली है। रोहित शेट्टी होस्टेड खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में इस बार पुराने खिलाड़ी भी खतरों से खेलने लौटे हैं। शो में खतरनाक गेम शुरू हो गया है और पहले टास्क में दो खिलाड़ी सेफ हो गए हैं, जबकि दो को फियर फंदा में डाला गया है। इसका मतलब है कि फियर फंदा में पहुंचने वाले दो कंटेस्टेंट्स में से कोई एक अब घर वापसी करने जा रहा है। शो से जुड़े बड़े अपडेट्स आए हैं, जो आपकी दिलचस्पी को और भी बढ़ा देगा। खतरों के खिलाड़ी 15 से जुड़े अपडेट्स देने वाले एक इंस्टाग्राम पेज ने बताया है कि शो का पहला टास्क कंप्लीट हो गया है। केप टाउन में हुए इस खतरनाक गेम में दो खिलाड़ियों ने बाजी मार ली और वह हैं बिग बॉस सीजन 19 के विनर गौरव खन्ना और फर्स्ट रनर-अप फरहाना भट्ट है। जी हां, खबरों की मानें तो दोनों खिलाड़ी पहले टास्क में सेफ हो चुके हैं। बाकी दो कंटेस्टेंट्स पर एलिमिनेशन की तलवार लटक रही है। पहले टास्क में सही परफॉर्मेंस न करने के बाद उन्हें फियर फंदा मिला है। यह कंटेस्टेंट्स हैं ओरी और ऋत्विक धनजानी हैं। कहा जा रहा है कि दोनों फियर फंदा में हैं। दोनों में से कोई भी फियर फंदा टास्क हारा तो वह एलिमिनेट हो जाएगा। इस सीजन में नए खिलाड़ियों के साथ पुराने कंटेस्टेंट्स को भी लिया गया है। शो में रुबीना दिलैक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, रित्विक धनजानी, हर्ष गुजराल, ओरी, जैस्मिन भसीन, शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, रुहानिका धवन, अविका गौर, विशाल आदित्य सिंह हैं।

## ओटीटी पर छाया पुरानी मूवी का नया वर्जन

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अक्सर एक न एक नई फिल्म या वेब सीरीज ट्रेंडिंग में बनी रहती है। लेकिन हैरानी तब होती है, जब कोई पुराना थ्रिलर ओटीटी पर धमाल मचा रहा होता है। इस मामले में एक 6 महीने पुरानी फिल्म का नया वर्जन हाल ही में ऑनलाइन स्ट्रीम किया गया है, जो आते ही ऑडियंस की पहली पसंद बन गया है। आलम ये है कि अब ये फिल्म ओटीटी पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है और पूरे इंडिया में फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रही है। हाल ही में रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर पार्ट-1 का रॉ और अनदेखा वर्जन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया है। ओटीटी पर आते ही धुरंधर के इस नए वर्जन ने अपना कमाल दिखाना शुरू कर दिया है और ये मूवी फिलहाल नेटफ्लिक्स पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है।



# कान का हुआ समापन, अवॉर्ड के मामले में खाली रही भारत की झोली

**मुंबई।** शनिवार देर रात कान फिल्म फेस्टिवल का समापन हो गया। आखिरी दिन इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का ग्लैमरस लुक सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर छा गया। लेकिन अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली खाली ही रही। ऐश्वर्या राय हर साल कान फेस्टिवल के आखिरी दिनों में रेड कारपेट पर नजर आती हैं और सारी लाइमलाइट लूट लेती हैं। शनिवार देर रात ऐश्वर्या राय का कान फेस्टिवल से लास्ट लुक सामने आया। यह लुक अब सोशल मीडिया पर चर्चा में है। ऐश्वर्या राय व्हाइट पैंटसूट में रेड कारपेट पर छा गईं। एक तरफ जहां उनकी वजह से कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर भारत का जलवा देखने को मिला, वहीं अवॉर्ड के मामले में निराशा ही हाथ लगी। कान फेस्टिवल के आखिरी दिन ऐश्वर्या राय ने व्हाइट पैंटसूट के साथ एक फेदर लेस वाला बोआ स्कार्फ टीमअप किया था। इससे उनका लुक और भी खूबसूरत नजर आने लगा। पैंटसूट के साथ ऐश्वर्या ने डायमंड रिंग पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया था। फैंस ने भी ऐश्वर्या के इस लुक को खूब पसंद है, उन्हें कान फेस्टिवल की क्वीन कह दिया है। इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में कुछ भारतीय फिल्मों का प्रीमियर भी हुआ, इस लिस्ट में अम्मा अरियन, बालनः द बॉय, चर्डीकला, 21 सितंबर, शैडोज ऑफ द मूनलेस नाइट और स्पिरिट ऑफ द वाइल्डफ्लावर शामिल रहीं। अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली कान फिल्म फेस्टिवल में खाली ही रही।



# एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं फिल्म जगत के ये भाई

**मुंबई।** भाई एक ऐसा रिश्ता है, जिसके होने से एक भरोसा मजबूत होता है कि कोई संभाल लेगा। मन की जो बातें किसी दोस्त या रिश्तेदार से शेयर करने में सहज न हों, उन्हें भाई-बहन आपस में शेयर कर लेते हैं। इमोशनली इंसान थोड़ा और मजबूत होता है। तभी तो भाई के रिश्ते को सबसे खास, मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते में गिना जाता है। हम आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे ही भाइयों से रूबरू करा रहे हैं।



### भाई-बहनों पर जान छिड़कते हैं भाईजान

सलमान खान को यूं तो बॉलीवुड में भाईजान कहा जाता है। वे जिसे अपना मान लें और कोई उन्हें भाई कह दे तो फिर वे अपने सगे भाई की तरह उससे रिश्ता निभाते हैं। अपने घर में भी वे बड़े भाई की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। छोटे भाइयों- अरबाज खान और सोहेल खान के लिए वे आधी रात भी मदद को तैयार रहते हैं। सिर्फ भाई ही नहीं, दोनों बहनों-अलवीरा और अर्पिता खान शर्मा के साथ भी उनकी गजब बॉन्डिंग है।

### देओल ब्रदर्स

सनी देओल और बॉबी देओल के बीच गजब की बॉन्डिंग है। दोनों के रिश्ते में प्यार और अपनेपन के साथ-साथ सम्मान और बड़े-छोटे का लिहाज भी देखने को मिलता है। बॉबी देओल कई इंटरव्यू में खुलकर यह बात कह चुके हैं कि उनके भैया सनी देओल ने उन्हें कितना सपोर्ट किया है। अक्सर वे अपने बड़े भाई और परिवार के बारे में बात करते हुए इमोशनल हो जाते हैं।

### खुराना भाई

आयुष्मान खुराना और अपारशक्ति खुराना के बीच भी कुछ ऐसा ही प्यार देखने को मिलता है। दोनों भाई इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। भाई का रिश्ता होने के साथ-साथ दोनों के बीच एक दोस्ती भी देखी जाती है।

### कौशल ब्रदर्स

अभिनेता विक्की को अपने छोटे भाई सनी कौशल के साथ शानदार बॉन्डिंग है। दोनों के बीच भाइयों वाला प्यार और अपनापन है और साथ ही दोस्ती भी है।

## 32 साल तक नहीं टूटा रिकॉर्ड, मात्र 2 लाख के बजट में कमाए 1 करोड़

# 3 साल थिएटर्स से नहीं हटी थी 80 साल पुरानी फिल्म

*नई दिल्ली। 80 साल पहले बड़े पर्दे पर एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई जिसका रिकॉर्ड कोई भी फिल्म 32 साल तक नहीं तोड़ पाई। ये फिल्म 3 साल तक थिएटर में टिकी रही। इस फिल्म को बनाने में सिर्फ 2 लाख की लागत आई थी, लेकिन इसकी कमाई 1 करोड़ से भी ज्यादा थी। 1940 का दशक वह दौर था जब पूरा विश्व और भारत द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका तथा स्वतंत्रता संग्राम की हलचलों से गुजर रहा था। इसी कठिन समय में साल 1943 में एक ऐसी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसने देश के दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया। उस जमाने में फिल्मों का हफ्तों तक चलना ही बड़ी बात होती थी, लेकिन इस फिल्म ने कामयाबी के सारे पिछले रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। थिएटरों के बाहर टिकटों के लिए मीलों लंबी लाइनें लगती थीं और हर शो पूरी तरह हाउसफुल रहता था। लोग एक ही फिल्म को बार-बार देखने सिनेमाघर पहुंच रहे थे। इसी अभूतपूर्व दीवानगी की वजह से इस फिल्म को भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली 'ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर' फिल्म का दर्जा मिला। हम बात कर रहे हैं ऐतिहासिक फिल्म 'किस्मत' की।*



### बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई

उस दौर में अधिकांश फिल्मों का ताना-बाना एक जैसे विषयों के इर्द-गिर्द बुना जाता था, लेकिन 'किस्मत' ने एक बेहद अनोखी और साहसी कहानी पेश की। प्रतिष्ठित फिल्म निर्माण कंपनी 'बॉम्बे टॉकीज' के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन ज्ञान मुखर्जी ने किया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि यह फिल्म बेहद सीमित संसाधनों और मात्र 2 लाख रुपए के मामूली बजट में तैयार की गई थी, लेकिन जब यह रिलीज हुई तो इसकी सफलता ने फिल्म समीक्षकों और निर्माताओं को चौंका दिया। उस दौर में करोड़ों की कमाई का सपना देखना भी नामुमकिन था, लेकिन 'किस्मत' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने साफ कर दिया कि यदि कहानी में दम हो तो बजट मायने नहीं रखता।

### हिंदी सिनेमा के पहले असली सुपरस्टार

इस फिल्म की अपार सफलता ने मुख्य अभिनेता अशोक कुमार को रातों-रात लोकप्रियता के उस शिखर पर पहुंचा दिया, जहां उनसे पहले कोई नहीं पहुंचा था। 'किस्मत' के बाद उन्हें हिंदी सिनेमा का पहला 'सुपरस्टार' कहा जाने लगा। फिल्म में उनके साथ मशहूर अभिनेत्री मुमताज शांति नजर आई थीं। अशोक कुमार ने फिल्म में एक ऐसे चोर का किरदार निभाया था, जो अंदर से साफ दिल का है। उस दौर के सिनेमा के लिए यह एक बिल्कुल नया और बोल्ड प्रयोग था। दर्शक उनके इस स्टाइलिश अंदाज और अभिनय के इस कदर मुरीद हुए कि सिनेमाघरों में उनके दृश्यों पर जमकर तालियां और सीटियां बजती थीं।

### बोल्ड विषय और अमर देशभक्ति गीत

'किस्मत' की कहानी अपने समय से काफी आगे मानी गई थी। फिल्म में बिना शादी के एक युवती के गर्भवती होने जैसे बेहद संवेदनशील और गंभीर मुद्दे को दिखाया गया था। समाज के एक वर्ग ने इस पर आपत्ति भी जताई, लेकिन आम दर्शकों ने इस प्रगतिशील सोच का खुलकर स्वागत किया। इसके अलावा कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया फिल्म का एक गीत 'दूर हटो ऐ दुनिया वालों, हिंदुस्तान हमारा है' जबरदस्त हिट रहा। इस गाने ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर रहे भारतीयों में देशभक्ति का नया जोश भर दिया और यह गीत हर स्वतंत्रता सेनानी की जुबान पर चढ़ गया।

### रॉक्सी सिनेमा का वो अटूट रिकॉर्ड

इस फिल्म की लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण कोलकाता का रॉक्सी सिनेमा बना। वहां यह फिल्म बिना रुके लगातार 187 हफ्तों यानी लगभग साढ़े तीन साल तक चलती रही। यह अपने आप में एक ऐसा कीर्तिमान था, जिसे अगले 32 सालों तक भारतीय सिनेमा की कोई भी दूसरी फिल्म नहीं तोड़ सकी थी। बाद में इस फिल्म की लोकप्रियता को भुनाने के लिए इसे तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी रीमेक किया गया। आज आठ दशक से भी ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी 'किस्मत' को भारतीय फिल्म जगत की सबसे मील का पत्थर और ऐतिहासिक फिल्मों में बेहद सम्मान के साथ गिना जाता है।